तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार 31 मार्च 2026



12 50 करोड़ से इंटकवेल, 68 करोड़ से केनाल...



13 निषाद समाज ईमानदार, कर्मठ व सदैव संघर्षशील...










# फायर सेफ्टी की अनदेखी के कारण इंदिरा मार्केट की तीन दुकानों में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**आग इतनी भयानक कि उठता धुआं देर रात 5 किमी दूर तक देखा गया, आग बुझाने बीएसपी सहित चार फायर ब्रिगेड को बुलाया गया**



उलझीं बिजली तारों का अंबार, बिजली विभाग में मेंटेनेंस के नाम पर हो रही खानापूर्ति

*शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट में बीती रात भीषण आग लगी। आग पर काबू पाने के लिए नगर सेना विभाग की दमकल टीम को दो घंटे से ज्यादा का काम समय लगा। संडे का दिन होने की वजह से बाजार में वैसे ही सन्नाटा पसरा हुआ था। दुकानें बंद थी, चहल-पहल नहीं के बराबर थी। इस बीच रात करीब 10 बजे रौबदार शूज में सबसे पहले आग लगी। आग देखते ही देखते पड़ोस की दुकान अदिति फैशन तक पहुंच गई। इसके बाद नामदेव जींस को भी चपेट में ले लिया।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सूचना के करीब आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। नगर सेना विभाग की टीम लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास करते रही। रात करीब 11:45 बजे बीएसपी की फायर ब्रिगेड टीम भी पहुंची। इसके बाद लगी आग पर काबू पाया ज सका। आग पर काबू पाने के लिए नगर सेना की टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दुकान में आने-जाने की जगह काफी सकरी होने की वजह से आग को बुझाना मुश्किल हो रहा था। इसकी वजह से आग तेजी से बढ़ती गई। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो आग की लपटों को दूर तक देखा गया, वहीं उठता धुआं 5 किलोमीटर दूर तक नजर आया। इस घटना के बाद फायर सेफ्टी को लेकर बरती जा रही लापरवाही की बात सामने आई है। बहरहाल आग की वजह से कितने का नुकसान हुआ है, इसका आकलन नहीं हो पाया है। पुलिस और निगम की टीम मामले में जांच कर रही है। घटना की जानकारी के बाद महापौर अल्का बाघमार, एसएसपी विजय अग्रवाल, नगर सेना प्रमुख नगेंद्र सिंह, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, चेंबर ऑफ कामर्स के उपाध्यक्ष सतीश समर्थ, लोकेश सोलंकी, संजय खंडेलवाल, मनोज शर्मा, सुरेंद्र सोरी सहित अन्य पहुंचे थे।

## बेतरतीब फैले बिजली तारों व अन्य केबल ने फैलाई आग

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पूरे इंदिरा मार्केट में बिजली तारों का जाल बिछा हुआ है। ट्रांसफार्मर और इसके आसपास सुरक्षा को कहीं कोई इंतजाम नहीं है। बिजली पोलों में उलझे हुए तारों को आसानी से देखा जा सकता है। इसके अलावा वाईफाई और टेलीफोन के केबल बिजली खंभों में लिपटे हुए हैं। इसे लेकर कहीं कोई मेंटेनेंस नहीं होता। इस वजह से ज्यादा खतरा बना हुआ है। जूता-चप्पल में आग लगने के बाद सबसे पहले आसपास की बिजली तारों में ही आग लगी। यह आग धीरे-धीरे आसपास फैलने लगी। करीब आधे घंटे बाद बिजली सप्लाई को रोका गया। इसके पहले आसपास के लोग काफी भयभीत थे। आग लगने के बाद कुछ जगहों पर एसी भी ब्लास्ट हुए।



## अग्नि हादसों को रोकने और निपटने के नाम हो रही सिर्फ खानापूर्ति

विशेषज्ञों की मानें तो जिन जगहों पर आग लगी उन जगहों पर फायर सिक्योरिटी सिस्टम के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई। बिल्डिंग में लोगों के निकलने के लिए एंट्री-एग्जिट की जानकारी किसी भी फ्लोर पर नहीं थी। नगर सेना विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि जिस जगह पर आग लगी, उस जगह तक पहुंचने के लिए सिर्फ एक गलीनुमा रास्ता था। वहां तक पहुंचने में खासी परेशानी उठानी पड़ रही थी। फायर सेफ्टी उपकरण को लेकर भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।

### व्यापारियों की ली जाएगी मीटिंग

"व्यापारियों की मीटिंग ली जाएगी। उन्हें फायर सेफ्टी नार्म्स से अवगत कराया जाएगा। समय रहते ही आग पर काबू पा लिया गया था। बीएसपी की फायर ब्रिगेड टीम को भी बुलाया गया था। गर्मी बढ़ने के साथ ट्रांसफार्मर का लोड भी बढ़ रहा है, इस बारे में भी जानकारी ली जाएगी।

-विजय अग्रवाल, एसएसपी दुर्ग

### बड़ा हादसा होने से बचा बिजली कं. की लापरवाही

"गर्मी की वजह से लोड बढ़ गया है, लेकिन मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति की गई है। बिजली कंपनी को चाहिए कि सभी ट्रांसफार्मरों का लोड टेस्ट कराए, जरूरी उपाय करे। व्यापारियों को फायर सेफ्टी नार्म्स की जानकारी दी जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की किसी भी प्रकार की घटना न हो। बिजली कंपनी के अधिकारियों से चर्चा की जाएगी।

-धीरज बाकलीवाल, पूर्व महापौर नगर निगम दुर्ग

### खुद से सुरक्षा उपाय करने की अपील

"व्यापारियों ने पहले ही प्रशासन से सुरक्षा उपाय किए जाने की अपील की है। व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल समय-समय पर कलेक्टर, एसपी और महापौर से मिल चुके हैं। हम फायर सेफ्टी नार्म्स का पालन करते हैं। जहां किसी भी प्रकार की दिक्कत है, तो अवगत कराया जाए, हम व्यापारी भाइयों से बात करें। समस्या का समाधान किया जाएगा।

-सतीश समर्थ, उपाध्यक्ष चेंबर ऑफ कामर्स दुर्ग

### फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई थी

"फायर ब्रिगेड की पूरी टीम 4 वाहनों के साथ तुरंत मौके पर पहुंच गई थी। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। फोम की आवश्यकता नहीं पड़ी, हमारे पास यह पर्याप्त मात्रा में हैं। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। हमने जवाहर चौक के आसपास व्यापारियों को ट्रेनिंग भी दी है। हमारा प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार जारी है। वें फायर उपकरण रखें।

-नागेंद्र सिंह, एसडीआरएफ दुर्ग

## खबर संक्षेप

### शराब के साथ युवक पकड़ाया, भेजा जेल



**भिलाई।** अवैध शराब के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बाजार चौक, ग्राम चुनकट्टा उतई निवासी हरेन्द्र कुमार बंजारे उतई क्षेत्र में अवैध शराब के परिवहन व बेचने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम राठी कॉम्प्लेक्स के पास, ग्राम चुनकट्टा में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने 29 पौवा देशी मदिरा प्लेन कुल 5.220 बल्क लीटर, नगदी 150 रुपए,बाइक जब्त किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी महेश ध्रुव समेत टीम का योगदान रहा है।

### नशीली दवाओं के साथ आरोपी हिरासत में




**भिलाई।** नशीली दवाओं के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर धमधा रोड स्थित सब्जी मंडी दुर्ग के पास से सिकोला भाठा, दुर्ग निवासी दीपक ठाकुर को पकड़ा गया। उसके पास से प्रतिबंधित कैप्सूल 72 नग 28 हजार 800 रुपये, नगदी रकम 960 रुपये का जब्त किया गया। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है।

**जीआरपी ने लोगों से मांगी मदद**

## ट्रेन से कटे युवक की नहीं हो सकी शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भिलाई रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। मामला 28 मार्च 2026 का है, जहां प्लेटफॉर्म नंबर 1 के पास सिग्नल के समीप रेलवे ट्रैक किनारे युवक का शव मिला। जानकारी के मुताबिक, स्टेशन मास्टर की सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के दौरान शव को कब्जे में लेकर सुपेला अस्पताल के मरचुरी में सुरक्षित रखवाया गया। इस मामले में जीआरपी थाना मिलाई-3 में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। मृतक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष बताई जा रही है। उसका रंग गोरा, कद लगभग 5 फीट 3 इंच और शरीर इकहरा है। युवक ने काले-सफेद रंग की शर्ट और आसमानी नीले रंग की जींस पहन रखी थी। एक हाथ से वह दिव्यांग भी बताया जा रहा है। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। जीआरपी पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को इस युवक के बारे में कोई जानकारी हो तो तत्काल भिलाई रेलवे पुलिस से संपर्क करें, ताकि परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके।

## आत्महत्या मामले में कांग्रेस नेता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



मोहन रामटेके के आत्महत्या मामले में पुलिस ने कांग्रेसी नेता राजू पाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि 28 मार्च को कोहका के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी मोहन कुमार रामटेके की लाश संदिग्ध अवस्था में मिली थी। उसने सुसायडल नोट थोड़ था जिसमें राजू पाल और सोनिया गोस्वामी का नाम लिखा हुआ था। आरोप था कि मौत के जिम्मेदार उक्त दोनों लोग रहेगे। दोनों उसे परेशान कर रहे थे। मामले में पुलिस ने सोनिया को अभी नहीं पकड़ पाई है।

## म्यूल अकाउंट के खेल में 10 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ 86.33 लाख 247 रुपये का ट्रांजेक्शन,आरोपियों को किया गया न्यायालय में पेश

म्यूल अकाउंट के खेल में पुलिस ने दस आरोपियों को पुलिस किया है। पुलिस ने बताया कि गृह मंत्रालय के अधीन संचालित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र पोर्टल से मोहन पुलिस को सूचना मिली। कर्नाटक बैंक शाखा स्टेशन रोड दुर्ग में संचालित 111 बैंक खातों का जांच किया गया। जांच में पाया गया कि खातों का उपयोग देश के विभिन्न स्थानों से साइबर ठगी की राशि को प्राप्त करने के लिए किया गया। कुल करीब 86. 33 लाख 247 रुपये का अवैध लेन-देन पाया गया। जांच के दौरान खाता धारकों का शिनाख्त कर मधु साहू, ज्योति गौतम,फरहद खान, भूपेश गोहिल, अजय कुमार उर्फ मोनू, मसीर आलम, नवीन भागवत, भूपेंद्र कुमार टंडन, संतोष बिसाई, हीरा सिंह को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि आर्थिक लाभ के लिए बैंक खातों को साइबर ठगी के लिए उपयोग में लाया जाता था। इनके पास से पुलिस ने बैंक खातों के दस्तावेज, मोबाइल फोन, अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जब्त किया गया।

## भिलाई नगर निगम का गोवा टूर... पार्टी और विचारधारा अलग, लेकिन हम साथ-साथ हैं...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई नगर निगम के महापौर अपनी 13 सदस्यीय एमआईसी और कांग्रेस व भाजपा के 13 पार्षदों सिहत 52 लोगों के साथ गोवा टूर पर हैं।गोवा पहुंचते ही सभी लोगों ने महापौर के साथ एक मॉल में फोटो खिंचवाई और उसके जरिए यह संदेश दे रहे हैं कि भले ही उनकी पार्टी और विचारधारा अलग-अलग हो, लेकिन फिर भी वो साथ-साथ हैं। एक दूसरे के सुख-दुख में खड़े हैं।

■ दल अलग-अलग होने के बाद भी भाईचारे का दे रहे संदेश

महापौर नीरज पाल ने कहा कि पिछले साढ़े चार साल के अपने महापौर के कार्यकाल में उन्होंने देखा कि एमआईसी से लेकर सामान्य सभा के दौरान काफी खींचतान हुई। सभी की विचारधारा अलग-अलग रही। कुछ उनके कार्यों से खुश रहे तो कुछ नाखुश, लेकिन इस सबके बीच समाज में एक मैसेज जा रहा था कि कांग्रेस और भाजपा के नेता और पार्षद एक दूसरे खिलाफ और अलग अलग ही रहते हैं। इस टूर से एक नया संदेश समाज को जाएगा कि भले ही उनकी पार्टी, विकास की सोच, विचारधारा अलग अलग हो, लेकिन एक दूसरे के दुख-शुख में वो सभी एक दूसरे के साथ हैं। उन्होंने कहा यह सोच केवल पार्टी तक ही नहीं बल्कि पूरे सामाज में होनी चाहिए।



गोवा टूर के दौरान कांग्रेस और भाजपा पार्षदों द्वारा साथ-साथ घूमने का जारी किया जा रहा फोटो।

### सभी पिकनिक स्पॉट में एक साथ कर रहे एंजॉय

टूर के दौरान सभी साथी एक साथ प्लान बनाकर अलग-अलग पिकनिक स्पॉट में जी रहे हैं। वहां पूरे सौहार्द के साथ एक साथ महापौर के फेयरवेल को एंजॉय कर रहे हैं।

### कुछ बड़े नाम वाले पार्षदों ने बनाई टूर से दूरी

इस टूर में कांग्रेस और भाजपा दोनो दलों के पार्षद एक साथ गए हैं, लेकिन कुछ बड़े नाम वाले पार्षदों ने इस टूर से दूरी बनाकर रखी है। उन्होंने टूर के लिए फंडिंग तो की है, लेकिन टूर में नहीं गए। टूर में ना जाने वाले पार्षदों में भाजपा के पार्षदों की संख्या अधिक है। कुछ का तर्क यह है कि यह पार्टी के अनुशासन के खिलाफ है, इसलिए उन लोगों ने इस टूर से दूरी बनाई है।

### इस टूर को लेकर फैली यह अफवाह

महापौर ने अपने फेयरवेल टूर का प्लान बजट सत्र के ठीक बाद का बनाया। इसलिए यह टूर विवादों में आया। भाजपा और कांग्रेस के कुछ पार्षदों ने इसलिए दूरी बनाई की बजट सत्र और सामान्य सभा को सही तरीके से निपाटने के लिए यह महापौर द्वारा दिया जा रहा प्रलोभन है। वहीं महापौर ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि इस टूर के लिए कांग्रेस और भाजपा दोनो दलों से पैसा लिया गया। ये टूर सभी का अपना सामूहिक प्लान है।

**सोई शहर सरकार को जगाने की कोशिश**

**बजट में देरी और विकास कार्यों की अनदेखी का आरोप**

## भैंस के आगे बीन बजाकर रिसाली नगर निगम में बीजेपी के पार्षदों ने किया अनोखा प्रदर्शन, मेयर पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई





नगर पालिका निगम रिसाली में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने अनोखे अंदाज में धरना-प्रदर्शन किया। पार्षदों ने महापौर और सभापति नामक दो भैंसों के सामने बीन और नगाड़ा बजाकर निगम की कार्यप्रणाली के खिलाफ विरोध जताया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बजट पेश कर विकास कार्य शुरू नहीं किए गए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान पार्षदों ने आरोप लगाया कि रिसाली की शहर सरकार विकास कार्यों को लेकर गंभीर नहीं है और जनता की मूलभूत सुविधाओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन सोई हुई शहर सरकार को जगाने का प्रतीकात्मक प्रयास है। पार्षदों ने महापौर पर 2026-27 के बजट को लेकर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब तक बजट पेश नहीं किया गया है, जबकि शहर की जनता को विकास कार्यों की उम्मीद है। उनका कहना था कि जनता ने जिन उम्मीदों के साथ महापौर को चुना है, वे उम्मीदें अब अधूरी नजर आ रही हैं। भाजपा पार्षदों ने निगम प्रशासन पर कमीशनखोरी में लिप्त रहने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शहर में सड़कों, सफाई, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है, लेकिन निगम प्रशासन इन मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय अन्य कार्यों में व्यस्त है। प्रदर्शन के दौरान पार्षदों ने महापौर से अपील की कि वे नींद से जागें और शहर के विकास के लिए ठोस कदम उठाएं। धरना प्रदर्शन में भाजपा पार्षद धर्मेन्द्र भगत, मनीष यादव, विधि यादव, माया यादव, रमा साहू, शैलेन्द्र साहू, ममता सिन्हा, गजेन्द्री कोठारी, शिल्पा नारखेड़ेए सीमा साहू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## हेरोइन तस्करी करने वाले तीन, गिरफ्तार



**भिलाई।** हेरोइन तस्करी मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार क्षेत्र के मिनी स्टेडियम सुलभ शौचालय के पास आरोपियों द्वारा हेरोइन रखकर उसे बेचने की सूचना पुलिस को मिली थी। घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों में कलेर गुमान कलसिया अमृतसर पंजाब हाल ही में तेलहानाला खुर्सीपार निवासी विजय सिंह जवाहर नगर बसंत विहार वैशाली नगर मीर नौशाद अली, जवाहर नगर बाम्बे आवास सुरेन्द्र क्षत्रिय बताया है। हेरोइन की कीमत 8.65 लाख 800 रुपए आंकी गई है। विजय सिंह का पंजाब से लिंक है। जहां से हेरोइन को लाकर भिलाई-दुर्ग में सप्लाई करता था।




## खबर संक्षेप

### प्रयास में प्रवेश चयन परीक्षा 10 मई को

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रदेश के प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल तक निर्धारित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट एवं एनडीए की तैयारी कराना है। आवेदन प्रक्रिया 24 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है, ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार की सुविधा 18 से 21 अप्रैल तक रात्रि 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इसके बाद 22 से 28 अप्रैल तक जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा। प्रवेश पत्र 1 से 9 मई के बीच डाउनलोड किए जा सकेंगे। प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 10 मई को किया जाएगा।

### रामाराव बने प्रदेश अध्यक्ष



**दुर्ग।** रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया आरपीआई गवई के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. राजेन्द्र गवई मुंबई द्वारा रामराव गोपालराव ढोक दुर्ग निवासी को छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर रामराव गोपालराव ढोक ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूत करने सदस्यों का गठन किया जाएगा।

### आज पशु वध गृह व मांस विक्रय दुकानें रहेंगी बंद

**दुर्ग।** समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानें 31 मार्च को महावीर जयंती पर पूर्णतः बंद रखी जाएंगी। नगर निगम द्वारा उक्त आदेश के पालन हेतु संबंधित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी दुर्गेश गुप्ता को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## भिलाई-चरोदा निगम का वर्ष 2026-27 के लिए 382.14 करोड़ का बजट पारित

# 50 करोड़ से इंटकवेल, 68 करोड़ से केनाल सफाई सहित कई मुद्दों पर उठे तीखे सवाल

### पेयजल को लेकर हुआ हंगामा, महोत्सव के कार्ड को लेकर भी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में सोमवार को महापौर निर्मल कोसरे ने लाभ का बजट पेश किया। निगम सभापति कृष्णा चंद्राकर ने राष्ट्रगान के साथ सत्र की शुरुआत कराई। वर्ष 2026-27 के लिए 450 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तु किया गया। इसमें क्षेत्र की जनता को पेयजल की समस्या से जूझना न पड़े इसके लिए 50 करोड़ की लागत से नवीन इंटकवेल और फिल्टर प्लांट निर्माण को मंजूरी दी गई। मोरिद जलाशय में इंटकवेल का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा सिरसा गेट चौक से गुजरने वाले नहर में केनाल रोड़ निर्माण के लिए 68 करोड़ रुपए रखा गया है। वार्ड 5 मिनी स्टेडियम काम के लिए 5 लाख, बजरंग पारा में इंडोर स्टेडियम , ऑडिटोरियम निर्माण के लिए 900 लाख खर्च किया जाएगा। इसके अलावा वार्ड 14 टप्पा तालाब के विकास व सौंदर्यीकरण के लिए 100 लाख, विभिन्न वार्डों में शेड, चबुतरा, निर्माण 220 लाख, वार्ड 1, वार्ड हथखोज, वार्ड 3 अकलोरडीह. वार्ड 4 जरवाय, वार्ड 5 दादर-पथर्रा वार्ड 6 उम्दा, वार्ड 22 भाठापारा, वार्ड 30 उरला, वार्ड 36 सिरसाकला, वार्ड 38 सोमनी में मुक्तिधाम के विकास का निर्माण कार्य 110 लाख रुपए का खर्च किया जाएगा। वार्ड 4 जरवाय, वार्ड 5 दादर-पथर्रा, वार्ड 13 गांधी नगर, वार्ड 18 वसुंधरा नगर, वार्ड 19 पदुम नगर, वार्ड 23 हाउसिंग बोर्ड, वार्ड 27 जोन, वार्ड 29 जोन 3, वार्ड 40 गनियारी में खेल परिसर का उन्नयन करने 50 लाख रुपए खर्च किए जाएगें। वार्ड 1 ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज, वार्ड 3 अकलोरडीह, वार्ड 4 जरवाय, वार्ड 30 उरला, वार्ड 37 सिरसाकला, वार्ड 39 मोरिद में नवीन मंगल भवन निर्माण किया जाएगा। आयुक्त डीएस राजपूत, अधिकारी व सत्ता व विपक्ष के जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



### सोमनी पार्षद ने टेंडर व समय को लेकर घेरा

सोमनी भाजपा पार्षद तुषांत वर्मा ने बजट का समय 1 बजे था लेकिन 1.20 में शुरु करने को लेकर सदन को घेर दिया। उसके बाद ठेकेदारों को पार्षद पूर्णता प्रमाण पत्र देने के बाद ही नया टेंडर देने की बात पूर्व में कहा गया था। लेकिन इसका पालन आज तक नहीं हो पाया। पेयजल को लेकर पानी निर्माण करने की बात कही गई थी लेकिन आज तक नया टंकी वार्डों में नहीं बनाया गया है। पार्षद ने सदन में कहा कि रिक्शा का टेंडर होना था लेकिन आज नहीं किया गया। इस तरह भिलाई-चरोदा निगम में कुछ भी हो जाता है। इसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों तक को नहीं रह पाती है। इसके अलावा नेताप्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा, संतोष तिवारी, पूर्व पार्षद राम सूर्यवंशी, तुलसी ध्रुव, भारती सूर्यवंशी, डे सहाब वर्मा, विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर समेत अन्य ने अपनी बातों को रखा।

### 40 वार्डों में सफाई के लिए 180 लाख रुपए की स्वीकृति

भिलाई-चरोदा क्षेत्र के 40 वार्डों में सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए 180 लाख रुपए व्यय होना है। जिसमें सिवरलाइन निर्माण, मरम्मत के लिए 10 लाख, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत कम्पोस्ट प्लांट निर्माण कार्य के लिए 485 लाख, समाग्री क्रय 450 लाख, 6 नवीन मणिकंचन केन्द्र का निर्माण 165 लाख रुपए से मोरिद, समता कालोनी, हथखोज और दादर में किया जाना है। सफाई और कचरा प्रबंधन पत्रत्तक्कीकरण, निष्पादन समेत अन्य कार्यो के लिए जरवाय व एसएलआरएम सेंटर उन्नयन के लिए 400 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है।

### सत्ता के नेता ने उठाया सफाई का मुद्दा

बैठक में पार्षद मनीष वर्मा ने सफाई के मुद्दे को उठाया। उन्होंने पानी की समस्या पर नगर निगम को गंभीरता दिखाए जाने हेतु एवं पदुमनगर में पेयजल की समस्या को भी रखा। नल जल योजना फेज 2 में छूटे हुए सभी क्षेत्रों को जोड़ने का प्रस्ताव दिया गया, जिसे इस बजट के माध्यम से प्रस्ताव में शामिल किया जाएगा।

### 5 साल में नहीं हुए विकास

अंतिम बजट में सिर्फ खानापूर्ति की गई है। शहर का विकास के नाम पर दिखावा है। मिनी स्टेडियम से लेकर मिलेट तक का काम अब तक अधूरा है। इसके अलावा तालाब सौंदर्यीकरण अटका पड़ा है। साथ ही साथ पेयजल की भी समस्या 40 वार्डों में बनी हुई है।
**-राम खिलावन वर्मा,** नेता प्रतिपक्ष नपा भिलाई-चरोदा

### लाभ का बजट किया पेश

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 450 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान रखा है। 94 लाख रुपए लाभ का बजट है। आने वाले वर्ष के लिए 67 करोड़ रुपए की अनुमानित राशि आने वाले वर्ष में बच सकता है। पिछले वर्ष हम लोगों ने जल प्रदाय के पानी टंकी निर्माण की बात कही थी। विश्व बैंक कॉलोनी और अकलोरडीह में नये पानी टंकी का निर्माण हो चुका है। आदर्श नगर चरोदा के लिए पानी टंकी निर्माण के लिए 3.62 करोड़ की राशि मिल चुकी है। ट्रांसपोर्ट नगर फेस 2 को स्वीकृति मिल गई है। **-निर्मल कोसरे,** महापौर भिलाई-चरोदा

## साइंस कॉलेज के अधूरे ऑडिटोरियम का काम शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

साइंस कॉलेज कैम्पस में रुके हुए ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य पुनः शुरू हो गया है। शहर विधायक और मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल से कॉलेज को साउंड प्रूफ व आधुनिक ऑडिटोरियम की सौगात मिलेगी। इससे जिले भर से पढ़ने वाले विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

अधूरे कार्य को पूरा करने मंत्री गजेन्द्र यादव की मांग को प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने स्वीकारते हुए शासन से पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति 8 करोड़ 96 लाख की राशि स्वीकृत कराए है। पूर्व की सरकार द्वारा ऑडीटोरियम को फंड की कमी बताते हुए रोक दिया गया था। सोमवार को मंत्री गजेन्द्र यादव ने साइंस कॉलेज स्थित ऑडीटोरियम का पीडब्लूडी के इंजीनियर और कॉलेज प्रबंधक के साथ निरीक्षण करते हुए आगामी जून तक कार्य पूर्ण करने दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा की प्रदेश में सुशासन की सरकार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर ठोस और सार्थक कदम उठा रही है। यह ऑडिटोरियम न केवल शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा, बल्कि विद्यार्थियों को अपने कौशल और प्रतिभा को मंच प्रदान करने का अवसर भी देगा।

### पांच साल से रुका हुआ था काम

कॉलेज प्रबंधन की मांग पर तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह सरकार ने ऑडिटोरियम निर्माण के लिए राशि बजट में स्वीकृति दिए थे और निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया था लेकिन 2018 में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होते ही कांग्रेस सरकार द्वारा राशि को रोक दिए जाने से ऑडिटोरियम निर्माण बीते पांच साल से रुका हुआ था। कॉलेज प्रबंधन ने मंत्री गजेन्द्र यादव से मिलकर इसकी जानकारी दी थी। इस पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने इस संबंध में पीडब्लूडी के अधिकारियो का रिपोर्ट लेकर मांग पत्र तैयार कराया और वित्तमंत्री ओपी चौधरी को मांग पत्र सौंपकर ऑडिटोरियम निर्माण पुनः शुरू कराने राशि स्वीकृति दिलाने की मांग किये। वित मंत्री ओपी चौधरी ने यादव के मांग पर ऑडीटोरियम के अधूरे निर्माण को पूरा करने पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति 8 करोड़ 96 लाख की राशि स्वीकृत कराया है। इसके बाद अब पुनः निर्माण प्रारंभ हो गया है।

## पुराने सिलेबस से पूछे गए प्रश्न को लेकर छात्रों ने की शिकायत

**दुर्ग।** हेमचंद यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित हाल ही में हुई इंग्लिश की परीक्षा में पुराने सिलेबस से प्रश्न पूछे जाने के कारण छात्रों में भारी रोष है। वर्षभर छात्रों को नए सिलेबस के अनुसार पढ़ाया गया, किन्तु परीक्षा में पुराने सिलेबस से प्रश्न पूछे जाने से हजारों छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, जो कि स्पष्ट रूप से छात्र हितों के विरुद्ध है। इस गंभीर विषय को संज्ञान में लेते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दुर्ग द्वारा कुलपति महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। परिषद ने मांग की कि छात्रों के हित में उचित निर्णय लेते हुए इस त्रुटि का समाधान किया जाए। इस दौरान यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया कि छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लिया जाएगा। इस अवसर पर अभाविप भिलाई नगर मंत्री आकाश कुमार, दुर्ग नगर मंत्री गजेंद्र साहू, कुणाल साहू, निमिष देवांगन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## 1 अप्रैल के बाद नल कनेक्शन काटने से लेकर सील करने की होगी कार्रवाई

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा बकाया करदाताओं के खिलाफ अब सख्ती का दौर शुरू हो गया है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के कड़े निर्देशों के बाद राजस्व विभाग पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। लंबे समय से कर बकाया रखने वाले करदाताओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 31 मार्च को भी टैक्स काउंटर खुला रहेगा। बता दे कि 31 मार्च को वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन होने के कारण सभी करदाताओं को अंतिम अवसर दिया गया है कि वे अपना बकाया कर तुरंत जमा कर दें। नगर निगम द्वारा अपील की गई है कि सभी छोटे और बड़े बकायादार 31 मार्च शाम तक अपनी लंबित राशि जमा कर दें। यदि इसके बाद भी बकाया राशि जमा नहीं की जाती है, तो 1 अप्रैल से निगम द्वारा सख्त कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। इस कार्रवाई के तहत बकायादारों के नल कनेक्शन काटना, संपत्तियों को सील करना सहित अन्य दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे। निगम अमला इस संबंध में पूरी तैयारी कर चुका है और किसी भी बकायादार को अब राहत नहीं दी जाएगी।



# महावीर जयंती अहिंसा और सत्य का पावन पर्व












भगवान महावीर का जीवन त्याग और आत्मज्ञान का अद्भुत उदाहरण है। राजसी वैभव में जन्म लेने के बावजूद उन्होंने सांसारिक सुखों का त्याग कर सच्चे ज्ञान की खोज को चुना।

उन्होंने वर्षों तक कठोर तपस्या की, विपरीत परिस्थितियों का सामना किया और अंततः आत्मज्ञान प्राप्त कर मानवता को एक नई दिशा दी। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्ची खुशी बाहरी वस्तुओं में नहीं, बल्कि भीतर की शांति में होती है।

### महावीर जयंती का मूल संदेश

यह पर्व हमें जीवन के कुछ मूलभूत सिद्धांतों को समझने और अपनाने का अवसर देता है:

**स्वयं पर नियंत्रण:** इच्छाओं और भावनाओं को नियंत्रित करना ही सच्ची शक्ति है
**संतोष का महत्व:** अधिक पाने की लालसा दुख का कारण बनती है
**करुणा और सहानुभूति:** हर जीव के प्रति दया और प्रेम रखना चाहिए
**सादगीपूर्ण जीवन:** सरल और सीमित साधनों में भी सुख पाया जा सकता है।

### पर्व मनाने की विशेष परंपराएं

महावीर जयंती के दिन श्रद्धालु विभिन्न धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेते हैं:

मंदिरों में विशेष प्रार्थना और ध्यान।
धार्मिक ग्रंथों का पाठ और चर्चा।
शांति यात्राएं और जनजागरूकता कार्यक्रम।
गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता और सेवा
प्रकृति और जीवों की रक्षा के लिए संकल्प लेना।

### आधुनिक जीवन में महावीर के विचारों की उपयोगिता

आज की तेज-रफ्तार और प्रतिस्पर्धी दुनिया में भगवान महावीर के विचार अत्यंत प्रासंगिक हैं:

बढ़ती हिंसा और तनाव के बीच अहिंसा का मार्ग शांति प्रदान करता है।
लालच और उपभोगवाद से दूर रहकर जीवन को संतुलित बनाया जा सकता है।
पर्यावरण संरक्षण के लिए भी उनके सिद्धांत मार्गदर्शक हैं।

### आत्मचिंतन का अवसर

महावीर जयंती हमें यह सोचने का अवसर देती है कि हम अपने जीवन में कितने संयमित और जागरूक हैं।
यह दिन केवल उत्सव का नहीं, बल्कि अपने भीतर सुधार और आत्मशुद्धि का भी है।

महावीर जयंती हमें सिखाती है कि सच्चा सुख बाहरी उपलब्धियों में नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और संतोष में है।

यदि हम भगवान महावीर के दिखाए मार्ग पर चलें, तो न केवल हमारा जीवन बेहतर बनेगा, बल्कि समाज में भी प्रेम, शांति और सद्भाव का वातावरण बनेगा।



# आदिवासी समाज की प्रेरणादायक पहल, पुत्री ने पिता को दी मुखाग्नि

## ग्राम मर्रा में 10 वर्षीय बालिका ने पिता को मुखाग्नि देकर बेटा-बेटी में समानता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

दुर्ग जिले के पाटन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मर्रा में एक प्रेरणादायक एवं समाज को नई दिशा देने वाली घटना सामने आई है। ग्राम मर्रा निवासी स्व. कमलनारायण ठाकुर के पुत्र मानसिंह ठाकुर के आकस्मिक निधन के पश्चात उनकी मात्र 10 वर्षीय पुत्री मुस्कान ठाकुर ने अद्भुत साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए अपने पिता का दाह संस्कार कर वर्षों पुरानी परंपराओं को नई सोच के साथ आगे बढ़ाया।

यद्यपि इस प्रकार के साहसिक कदम देश के विभिन्न हिस्सों और कई अन्य समाजों में भी समय-समय पर देखने को मिले हैं, किंतु ग्राम मर्रा की यह घटना स्थानीय स्तर पर विशेष महत्व रखती है। यह न केवल बदलती सामाजिक सोच का परिचायक है, बल्कि यह भी संदेश देती है कि बेटियां किसी भी जिम्मेदारी को निभाने में पीछे नहीं हैं। मुस्कान ठाकुर का यह साहसिक कदम समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव की धारणाओं को कमजोर करता है और समानता, संवेदनशीलता एवं कर्तव्य के मूल्यों को सशक्त करता है।

यह घटना बताती है कि आज का समाज परंपराओं के साथ-साथ प्रगतिशील सोच को भी अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस प्रेरक घटना के बाद आदिवासी समाज सहित वरिष्ठजनों ने मुस्कान के साहस की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सकारात्मक उदाहरण बनेगा और समाज में बेटियों के प्रति सम्मान एवं विश्वास को और मजबूत करेगा। प्रबुद्धजनों ने यह भी कहा कि इस तरह की घटनाएं 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियानों को वास्तविक रूप से साकार करने में सहायक हैं। यह घटना स्पष्ट करती है कि कर्तव्य, संस्कार और साहस का कोई लिंग नहीं होता, बल्कि यह मानवीय मूल्यों पर आधारित होता है।



उल्लेखनीय है कि स्व. मानसिंह ठाकुर, जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के महामंत्री पालेश्वर ठाकुर के चचेरे भाई थे। मुस्कान ठाकुर के इस साहसिक कार्य को नमन करते हुए सभी ने स्वर्गीय मानसिंह ठाकुर की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

इस दौरान शोकाकुल परिवार के खुमेंद्र ठाकुर, तुकाराम ठाकुर, माधव ठाकुर, हृदय ठाकुर, ओमप्रकाश ठाकुर, भगवती ठाकुर, देवधर ठाकुर, चूरामणि ठाकुर, पालेश्वर ठाकुर, टिकेश्वर ठाकुर, निहाल ठाकुर, आशीष ठाकुर, यश ठाकुर, राहुल नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्त कर्मियों का होगा सम्मान

**सेलूद।** कर्मभूमि कर्मचारी सेवा समिति सेलूद का आवश्यक बैठक हुआ। जिसमें निर्णय लिया गया कि ग्राम सेलूद के सभी विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें समिति के द्वारा कुछ दिनों के अंतर्गत हुए सेवानिवृत्त सभी कर्मचारियों का सम्मान करने की योजना बनाई गई। साथ ही ग्राम सेलूद के पटेल चौक निवासी ऋषि ठाकुर के पुत्र ठगेश कुमार ठाकुर का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर समिति की ओर से सम्मान किया जाएगा। जन्मभूमि कर्मचारी सेवा समिति लगातार कई ऐसे जनहित के कार्य करते आ रहे हैं। जिसका लाभ गांव वालों को हमेशा मिलता रहता है।

## निधन

### रामजी निषाद



**जामुल।** ग्राम कचान्दुर निवासी रामजी निषाद 57 वर्ष का आकस्मिक निधन 29 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 मार्च को ग्राम के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रमिला निषाद के पति, आत्माराम निषाद के छोटे भाई एवं सोहन निषाद, भागीरथी निषाद के पिता थे।

### कांता मुरकुटे



**दुर्ग।** पद्मनाभपुर एलआईजी-601 निवासी कांता रूपचंद मुरकुटे 75 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 31 मार्च मंगलवार को सुबह 11 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रूपचंद मुरकुटे की पत्नी, वीरेंद्र मुरकुटे, रवि मुरकुटे, जयश्री समर्थ की मां एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश समर्थ की सास थीं।

### संदीप शाही



**जामुल।** राम मंदिर गणेश नगर वार्ड 5 निवासी संदीप शाही का निधन 30 मार्च को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 31 मार्च को निवास स्थान एसीसी कॉलोनी से जामुल मुक्तिधाम के लिए सुबह 11 बजे निकलेगी। वे स्व. लालचंद शाही के पुत्र थे।

// आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (भावी क्रेता) 1. धिरेन्द्र सिंह भारद्वाज पिता स्व. बिरेन्द्र सिंह भारद्वाज, 2. अनिता भारद्वाज पति धिरेन्द्र सिंह भारद्वाज निवासी ग्राम कापसी तहसील पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा (विक्रेतागण) 1. राजेश ध्रुवंशी पिता कलीराम ध्रुवंशी, 2. लक्ष्मी ध्रुवंशी पति राजेश ध्रुवंशी निवासी- ग्राम अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व की भूमि ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि ख. नं. 106/110 रकबा 0.011 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर, ब्याना दे दिया गया है।

अतः सर्वसाधारण व्यक्ति विशेष, बैंक, अशासकीय व शासकीय संस्था, कंपनी एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि कोई भी उक्त संपति का क्रय विक्रय, हक, हस्तांतरण व नामांतरण, दावा हो तो वे इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर समस्त दस्तावेज या आपत्ति मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत करे तथा पावती प्राप्त कर लेवे, अन्यथा समयावधि पश्चात् मेरे पक्षकार के द्वारा उपरोक्त संपति को क्रय किये जाने पश्चात् प्रस्तुत समस्त दावा या आपत्तियां झुठी एवं निराधार मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी या बाध्यकारी नहीं होंगा।

अतः सूचना जाने
दिनांक
स्थान
भवदीय
शिवनारायण मण्डलेश (अधिवक्ता)
व्यवहार न्यायालय पाटन
निवास- वार्ड कं. 09 पाटन, तहसील पाटन
जिला दुर्ग (छ.ग.) मोबाईल नं.-96857-88096

## निषाद समाज का वार्षिक क्षेत्रिय अधिवेशन तरीघाट में आयोजित

# निषाद समाज ईमानदार, कर्मठ व सदैव संघर्षशील, एकजुटता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

छत्तीसगढ़ क्षेत्रिय निषाद समाज बोरेंदा परसुलीडीह केसरा परिक्षेत्र द्वारा वर्ष 2026 वार्षिक क्षेत्रिय महासभा का आयोजन ग्राम तरीघाट में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधि आशीष वर्मा थे। अध्यक्षता डॉ. घनश्याम निषाद अध्यक्ष निषाद समाज दुर्ग जिला संगठन ने की, विशेष अतिथि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िपं दुर्ग, चोवा राम निषाद अध्यक्ष परसुलीडीह केसरा परिक्षेत्र, कोमल निषाद राष्ट्रीय संगठन मंत्री, आनंद निषाद प्रदेश सहसंयोजक मछुवारा प्रकोष्ठ, बीआर निषाद उपाध्यक्ष निषाद समाज समाज दुर्ग जिला संगठन,दे वकुमार निषाद अध्यक्ष निषाद समाज तहसील पाटन, डॉ. ईश्वर निषाद अध्यक्ष बोरेंदा पाली, सरपंच केसरा, चंदू निषाद अध्यक्ष निषाद समाज धमतरी जिला, संतोषी निषाद अध्यक्ष निषाद समाज महिला प्रकोष्ठ दुर्ग जिला, बिरेन्द्र निषाद अध्यक्ष निषाद समाज युवा प्रकोष्ठ दुर्ग जिला, देवनाथ निषाद उपसंगठन सचिव दुर्ग, दिनेश साहू जनपद सदस्य, भावना विष्णु निषाद जनपद सदस्य पाटन ने सियारामचंद्र एवं भक्त गुहा निषाद राज की पूजा-अर्चना कर समाज गंगा के उत्तरोत्तर विकास, खुशहाली, समरसता की मंगलकामना की।

### स्थानीय निषाद समाज की मांग पर राशि देने की घोषणा की



मुख्य अतिथि पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा ने निषाद समाज ईमानदार, कर्मठ एवं संघर्षशील समाज बतलाया, उन्होंने आगे समाज में युवा, महिलाएं, सियान सहित सबकी सहभागिता सुनिश्चित कर सामाजिक एकता का परिचय देना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निषाद समाज के विकास एवं उत्थान का ध्यान रखते हुए राजनीति में विधायक कुंवर निषाद को राज्य स्तर पहचान दिलाई। समाज के द्वारा सामाजिक भवन की मांग को पूर्व मुख्यमंत्री को प्रेषित करने की बात कही।

दुर्ग जिला निषाद समाज के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम निषाद ने सामाजिक रीति रिवाज का पालन करते हुए शिक्षा, समाज एवं राजनीति के विभिन्न पायदानों में हमें निरंतर प्रयास जारी रखने की आवश्यकता है। स्थानीय समाज की मांग को सहर्ष स्वीकार करते हुए 30 हजार राशि देने की घोषणा किए। पूर्व जिपं उपाध्यक्ष अशोक साहू ने मातृ-पितृ सेवा के बाद समाज सेवा समर्पण भाव से हमें निभानी चाहिए।

जिला युवा संयोजक बीरेंद्र निषाद ने सामाजिक रीति रिवाज, परिचर्चा, नियमावली के जन जागरुकता अभियान में शामिल होने का आह्वान करते हुए उत्थान की बात रखीं।

इस दौरान हेमंत निषाद उपाध्यक्ष पक्ष परसुलीडीह केसरा परिक्षेत्र, चंद्रिका साहू सरपंच, चोवाराम सिन्हा, तोरण सिन्हा, विष्णु निषाद, अशोक साहू पूर्व सरपंच, नारायण निषाद अध्यक्ष, किकिरमेटा परिक्षेत्र, दुकालू राम निषाद अध्यक्ष, परसुलीडीह पाली डॉ. ललित निषाद अध्यक्ष सिलतरा पाली धमतरी, संतोष निषाद उपाध्यक्ष बोरेंदा पाली, बहुरसिंग निषाद उपाध्यक्ष बोरेंदा पाली, जोगेन्द्र निषाद सचिव निषाद समाज युवा प्रकोष्ठ दुर्ग, सुरेश निषाद, देवनारायण साहू, सालिक साहू, जामेश्वरी निषाद सहित सामाजिक बंधु महिला युवा उपस्थित थे।

# सर्विस बुक संधारण सहित स्थानीय मांगों को लेकर सौंपा गया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से संबद्ध द्वारा छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय सह प्रवक्ता ललित कुमार बिजौरा एवं जिलाध्यक्ष चंचल द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा के नेतृत्व में विकासखंड पाटन के अंतर्गत कार्यरत समस्त शिक्षकों की मूल सेवा पुस्तिका एवं सत्यप्रतिलिपि का संधारण करने, एनपीएस में कटी राशि का मूल सेवा पुस्तिका में उल्लेख करने, सभी प्रकार के अवकाशों का ऑनलाइन पोर्टल में अद्यतन करने, तकनीकी त्यागपत्र धारित शिक्षकों का पूर्व सेवा जोड़ने, जीपीएफ पासबुक बनाने एवं संधारण, शासन की महती योजना न्योता भोज में मध्यान्ह भोजन संचालन समूह एवं रसोइयों द्वारा समन्वय स्थापित कर अपेक्षित सहयोग सहित अन्य स्थानीय मुद्दों पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी डालेंद्र देवांगन से चर्चा की गई एवं ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र निराकरण के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर प्रांतीय सह प्रवक्ता ललित कुमार बिजौरा, जिलाध्यक्ष चंचल द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष हरिशंकर देवांगन, सलाहकार लक्ष्मीकांत तिवारी, प्रवक्ता तोरण साहू, संगठन प्रभारी पूर्णश्वर यादव, देवेंद्र कुमार साहू, कमलेश साहू, युवराज विशाल, टोमन लाल साहू सहित फेडरेशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

■ ललित बिजौरा एवं चंचल द्विवेदी के नेतृत्व में हुई सार्थक चर्चा

# महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

परिक्षेत्रीय महावीर जन्मकल्याणक समिति जामगांव आर का 32 वाँ वर्ष महोत्सव जैन भवन जामगांव आर में भव्यता के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। अध्यक्ष मनीष बैद और कोषाध्यक्ष आशीष कोचर ने तैयारीयो का जायजा लिया। जैन श्री संघ जामगांव आर सदस्यों को योजना बद्ध तरीके से प्रभार वितरण किया गया। महोत्सव में मंचीय संचालन श्वेता, मनीष बैंद, भारती, आशीष कोचर एवं किंजल, शीतल जैन ग्रुप विविध आकर्षक झलकियों के साथ करेंगे। महोत्सव में समसामयिक प्रतिभा युक्त प्रदर्शन रानीतराई, ओदरागहन, सुरपा बेलहारी, बटरेल जैन श्री संघ सदस्यों द्वारा मनमोहक अंदाज में किया जाएगा। जैन श्री संघ जामगांव आर के सदस्यों ने विनम्रता के साथ हाथ जोड़कर महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में सपरिवार पधारो सा आमंत्रण प्रेषित किया है।



### सुबह निकलेगी प्रभात फेरी

महोत्सव समिति सदस्य सुरेश बैद ,प्रेमचंद सुरेश कुमार चौरडिया ने बताया कि महावीर जन्मकल्याणक दिवस मंगलवार 31 मार्च को प्रातः पौने 5 बजे प्रभात फेरी भगवान मल्लिनाथ जैन मंदिर से निकलेगी। जो श्रीराम मंदिर ,महाबली हनुमान मंदिर , नंदी शिवलिंग मार्ग होते हुए पुरानी बस्ती पटेल पारा किसान चौक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोड होकर गुण्डरदेही मेन रोड में चलकर जैन मंदिर पहुंचकर प्रातः वंदन विधि करेगी। जैन श्री संघ जामगांव आर अध्यक्ष चंद्रकैलाश बैद और डॉ डालचंद गोलछा ने बताया कि प्रभात फेरी के बाद भगवान मल्लिनाथ जैन मंदिर में प्रक्षाल होगा। ब्रास केसर पूजा भगवान मल्लिनाथ, पार्श्वनाथ भगवान, धर्म नाथ भगवान, मणिधारी दादा जिनचंद्र सूरी, शांति गुरु देव , लब्धी सुरी ,मणिभद्रवीर स्वामी,माता चक्रेश्वरी देवी और माता पद्मावती की पूजा अर्चना आरती मंगल आरती भक्त जन करेंगे।

# नेवता भोज कराकर स्कूली बच्चों को दी गई विदाई

**जामुल।** शासकीय प्राथमिक शाला कुरुद, भिलाई में सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाला के समस्त शिक्षकगण अन्नपूर्णा शुक्ला, निर्मला वर्मा, प्रीतम साहू, तिरनाथ यादव, सुरेंद्र साहू, कमलेश ठाकुर, डीएलएड प्रशिक्षार्थी व कक्षा पांचवीं के बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पण कर व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन व प्रथम उद्बोधन के माध्यम से शिक्षक प्रीतम कुमार साहू ने कहा कि शिक्षक की डांट और मार मूर्तिकार के हथौड़े के समान होते हैं, शिक्षक की बातों को कभी बुरा नहीं मानना चाहिए वह हमेशा बच्चों की भलाई व उन्हें अच्छे इंसान बनाने में दिशा में हमेशा प्रयासरत रहता है। तत्पश्चात बालिका कक्षा शिक्षक सुरेंद्र साहू द्वारा बच्चों में शिक्षा और संस्कार की बाते कही गई।



# पाठ-योजना निर्माण व शिक्षण विधि पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय, अण्डा में बी.एड. एवं डी.एल.एड. में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए "पाठ-योजना निर्माण एवं शिक्षण विधियाँ" विषय पर व्याख्यान का सफल आयोजन हुआ। चेयरमैन राजन कुमार दुबे, शैलदेवी महाविद्यालय ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सफल व्याख्यान हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. के. नागमणी, सहायक प्राध्यापक, कल्याण महाविद्यालय, भिलाई थे।

व्याख्यान विषय का परिचय देते हुए डॉ. रजनी राय, विभागाध्यक्ष, शिक्षा संकाय ने कहा कि किसी भी कार्य की सफलता के लिए पूर्व नियोजित एवं व्यवस्थित कार्य-योजना का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षक-प्रशिक्षण से पूर्व प्रभावी पाठ-योजना निर्माण के महत्व को समझाते हुए कहा कि यह शिक्षण की विधियों, प्रविधियों एवं



प्रक्रियाओं को परिणामदायक बनाता है। उन्होंने वृक्ष के प्राकृतिक विकास का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को निरंतर सीखने एवं अपने ज्ञान को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता डॉ. के. नागमणी ने अपने व्याख्यान में पाठ-योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षण से पूर्व पाठ-योजना का निर्माण अनिवार्य है। उन्होंने ब्लूम टैक्सो नॉमी के विभिन्न आयामों की व्याख्या करते हुए महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित "नई तालीम" के सिद्धांतों को उदाहरण सहित प्रस्तुत किया। उन्होंने आगे बताया कि "नई तालीम" आधारित पाठ-योजना के माध्यम से विषयों को सरल एवं व्यवहारिक बनाया जा सकता है।

## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट



**भिलाई।** इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64b, प्रिया सिंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम (रेड एंड व्हाइट कलर) के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट मिल रही है। यहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना लेंगे उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनो की शॉपिंग पर विशेष डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग दिया जाएगा। ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए उनको धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी शॉप में हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का huid कोड वाले जेवर उपलब्ध हैं। इन गहनों की वापसी पर कोई भी काट छाट नहीं होती। इतना ही नहीं हां सबसे कम मेकिंग चार्ज लिया जाता है। यहां हर फैमिली के लिए उनके बजट के अनुरूप गहने उपलब्ध हैं। यहां सोने का हार चोकर नेकलेस, से लेकर सोने की अंगूठी, झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स जैसी हर वजन की वरायटी उपलब्ध है। यहां पायलों की विस्तृत रेंज, करधन, बैंगल्स, हाथफूल, बिछिया व चैन लॉकेट की काफी बड़ी रेंज उपलब्ध है।

# सिरदर्द को न लें हल्के में, ब्रेन स्ट्रोक का बढ़ रहा खतरा



**दुर्ग।** बदलती जीवनशैली और बढ़ते तनाव के बीच सिरदर्द, ब्रेन स्ट्रोक, लकवा और मिर्गी के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि बार-बार या अचानक तेज सिरदर्द को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है, क्योंकि यह गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी का संकेत भी हो सकता है। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. यश जैन के अनुसार ब्रेन स्ट्रोक के मामलों में गोल्डन आवर सबसे अहम होता है। इस दौरान मरीज को अस्पताल पहुंचाने पर थ्रंबोलाइसिस तकनीक से खून के थक्के को घोलकर ब्लड फ्लो सामान्य किया जा सकता है, जिससे लकवे का खतरा कम होता है और जान बचाई जा सकती है। न्यूरोसर्जन डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि लकवा एक मेडिकल इमरजेंसी है और इलाज में देरी स्थायी नुकसान पहुंचा सकती है। डॉक्टरों ने स्नूप 10 चेतावनी संकेतों पर ध्यान देने की सलाह दी है। अचानक तेज सिरदर्द, शरीर में कमजोरी, बोलने में दिक्कत, नजर कम होना या होश में बदलाव जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत जांच कराना जरूरी है। विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि ब्लड प्रेशर, शुगर और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखें, नियमित व्यायाम करें और तनाव से दूर रहें। समय पर इलाज ही जान बचाने और गंभीर नुकसान से बचने का सबसे बड़ा उपाय है।

# समाज में सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा देती है 'मन की बात'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नंदिनी- अहिवारा

अहिवारा नगर के लिए रविवार का दिन विशेष रूप से प्रेरणादायी रहा, जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण बड़े उत्साह और जनभागीदारी के साथ आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि जनसंवाद, जागरुकता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का एक सशक्त माध्यम बनकर सामने आया। कार्यक्रम का आयोजन नगर के प्रमुख स्थल अहिवारा मंगल भवन वार्ड 3 में किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव की विशेष उपस्थिति ने आयोजन को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। दोनों नेताओं ने आमजन के



■ अहिवारा में 'मन की बात' के 132वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण

साथ बैठकर 'मन की बात' को सुना, जिससे कार्यक्रम में सहजता और सहभागिता का वातावरण बना। कार्यक्रम के उपरांत आयोजित संक्षिप्त उद्बोधन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि 'मन की बात' देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में पिरोने वाला माध्यम बन चुका है। यह कार्यक्रम केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि जनभागीदारी को प्रेरित करने वाला राष्ट्रीय अभियान है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि 'मन की बात' वास्तव में जन-जन के मन की अभिव्यक्ति है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा देती है। वक्ताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम हमें यह सिखाता है कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव का कारण बन सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, महामंत्री राकेश तिवारी, नरेंद्र यादव, भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, मिथिलेश यादव आदि उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भगवान महावीर जयंती पर विशेष...




# महावीर जयंती

## अहिंसा, सत्य और आत्मज्ञान का पावन पर्व

महावीर जयंती जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्मोत्सव के रूप में पूरे भारत में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती है। यह पर्व केवल जैन समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण मानवता को अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और करुणा का संदेश देता है। इस दिन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, शोभायात्राएं और दान-पुण्य के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

भगवान महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व बिहार के कुंडलपुर (वैशाली) में राजा सिद्धार्थ और रानी त्रिशला के यहाँ हुआ था। उनका बचपन का नाम वर्धमान था। बचपन से ही वे अत्यंत साहसी, दयालु और चिंतनशील थे, इसलिए उन्हें "महावीर" कहा जाने लगा।

30 वर्ष की आयु में उन्होंने राजसी जीवन का त्याग कर संन्यास धारण किया और सत्य की खोज में निकल पड़े। लगभग 12 वर्षों की कठोर तपस्या और साधना के बाद उन्हें कैवल्य ज्ञान (सर्वोच्च ज्ञान) की प्राप्ति हुई। इसके बाद उन्होंने अपना पूरा जीवन मानवता के कल्याण और धर्म के प्रचार में समर्पित कर दिया।

### महावीर स्वामी के उपदेश और दर्शन

भगवान महावीर के उपदेश सरल होते हुए भी अत्यंत गहरे और जीवन को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने पाँच प्रमुख सिद्धांतों पर विशेष जोर दिया:

**अहिंसा:** यह उनका सबसे प्रमुख सिद्धांत था। उन्होंने कहा कि किसी भी जीव को मन, वचन और कर्म से कष्ट नहीं पहुँचाना चाहिए।

"अहिंसा परमो धर्मः" – अर्थात अहिंसा ही सर्वोच्च धर्म है।

**सत्य:** हमेशा सत्य बोलना और सच्चाई का पालन करना चाहिए, चाहे परिस्थितियाँ कैसी भी हों।

**अस्तेय** : किसी भी वस्तु को बिना अनुमति लेना चोरी के समान है, इसलिए इससे बचना चाहिए।

**ब्रह्मचर्य** : इंद्रियों और इच्छाओं पर नियंत्रण रखना ही आत्मशुद्धि का मार्ग है।

**अपरिग्रह** : अधिक वस्तुओं का संग्रह और लालच मनुष्य को दुखी करता है, इसलिए आवश्यकता के अनुसार ही जीवन जीना चाहिए।

### महावीर जयंती का उत्सव कैसे मनाया जाता है

इस दिन देशभर के जैन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है:

सुबह भगवान महावीर की प्रतिमा का अभिषेक (स्नान) किया जाता है। मंदिरों को फूलों और रोशनी से सजाया जाता है।

भव्य शोभायात्रा (रथ यात्रा) निकाली जाती है। धार्मिक प्रवचन और भजन-कीर्तन आयोजित होते हैं।

जरूरतमंदों को दान-पुण्य और भोजन वितरण किया जाता है। जीवों के प्रति करुणा दिखाते हुए पशु-पक्षियों को आहार दिया जाता है।

### महावीर जयंती का सामाजिक महत्व

आज के समय में जब समाज में हिंसा, लालच और असत्य बढ़ रहा है, भगवान महावीर के उपदेश अत्यंत प्रासंगिक हो जाते हैं:

अहिंसा हमें शांति और सहिष्णुता सिखाती है। सत्य और ईमानदारी समाज में विश्वास और नैतिकता को मजबूत करते हैं।

अपरिग्रह हमें लोभ और तनाव से मुक्त करता है।

संयम और आत्मनियंत्रण जीवन को संतुलित बनाते हैं।

### आध्यात्मिक दृष्टिकोण से महावीर जयंती

यह पर्व हमें केवल बाहरी पूजा तक सीमित नहीं रखता, बल्कि आत्मचिंतन और आत्मशुद्धि के लिए प्रेरित करता है।

इस दिन व्यक्ति को अपने भीतर झांककर यह समझने का प्रयास करना चाहिए कि वह अपने जीवन में कितना सत्य, अहिंसा और संयम अपना पा रहा है।

महावीर जयंती केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि मानवता के लिए एक मार्गदर्शक संदेश है। यदि हम भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं, तो हम न केवल अपना जीवन बेहतर बना सकते हैं, बल्कि समाज में भी शांति और सद्भावना का वातावरण स्थापित कर सकते हैं।

महावीर जिनका नाम है, पालीताना जिनका धाम है, अहिंसा जिनका नारा है, ऐसे त्रिशला नंदन को लाख प्रणाम हमारा है?
महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...
Jain Industrial ENGG. WORKS
Chawani Chowk, Nandini Road, Bhilai
Mob.: 9826228400, 8871115523
लेथ मशीन का कार्य किया जाता है

भगवान महावीर जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जैन बैंगल्स स्टोर्स
कुआँ चौक, पचरी पारा, दुर्ग
उपलब्ध :- कश्मीरी चूड़ियां, मिरर वर्क चूड़ा • स्टेक्ड बैंगल्स फैशन • लटकनवाली रंगीन चूड़ियां • राजस्थानी लाख चूड़ियां • कुंदन कंगन, शीशे की फैंसी चूड़ियां
सभी प्रकार के चूड़ियों के थोक विक्रेता
प्रो. अभिषेक जैन
मो. : 98265-50051, 79878-83034

सुमीत ऑटो
सेल्स, सर्विस एवं पार्टस
भिलाई-दुर्ग का सर्वश्रेष्ठ शोरूम
पता : स्मृति नगर रोड, काली मंदिर के पास, कातुलबोर्ड, दुर्ग
3 साल की वारंटी
विशेषताएं :- • एक बार चार्जिंग में 150 कि.मी., डबल चेचिस • हैवी कन्ट्रोलर एवं मोटर, लीथियम बैटरी • ट्रोनटेक बैटरी, 10% सब्सिडी गारंटेड • मजदूर कार्ड में डेढ़ लाख तक की सब्सिडी (महिलाओं के लिए) • जिंदल स्टील के लोहे से निर्मित • सीएट टायर, थ्री लेयर पॉवडर कोटेड • मजबूत छत, फॉग लाइट, मजबूत शाकर, • सिलिंग ब्रेक लाइट, आरामदायक शिटिंग • मार्केट 10 हजार से 20 हजार सस्ता • मॉडल के अनुसार
Mob : 79743-46871, 70242-42852, 79871-56696

भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
EVERGREEN CITY
NEAR UMDA HOUSING BOARD COLONY BHILAI-3 Mob.: 8966916666

भगवान महावीर जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
Life Care SCAN & RESEARCH PVT. LTD. DIAGNOSTIC CENTRE
Approved By NABL
भारत सरकार के उपक्रम NABL द्वारा 63 PARAMETERS से अधिक मान्यता प्राप्त छत्तीसगढ़ की एकमात्र संस्थान।
FREE BLOOD SAMPLE COLLECTION FROM HOME
24X7 FREE AMBULANCE
We build bonds that go beyond just care.
मनीष पारख चेयरमैन, लाइफ केयर
सबसे विश्वसनीय रिपोर्ट्स, सबसे तेज जाँच
सबसे ज़्यादा विशेषज्ञ डॉक्टरो द्वारा RECOMMENDED सेंटर
ANOTHER BRANCH
DURG: Om Parisar, Arya Nagar 834 9999 518
BHILAI: Shivnath Complex, Supela 910 9176 001

अहिंसा परमो धर्मः
समस्त देशवासियों को भगवान महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत : गौरव जैन, भिलाई

प्रभु महावीर जयंती की बहुत-बहुत बधाईयाँ
सत्य-अहिंसा धर्म हमारा, "नवकार" हमारी शान है, "महावीर" जैसा नायक पाया "जैन" हमारी पहचान है।
ज्वेलर्स पारख ब्रदर्स एण्ड कं.
Piyush Parakh
110, आकाशगंगा, सुपेला भिलाई

महावीर जिनका नाम है, पावापुरी जिनका धाम है, अहिंसा जिनका नारा है, ऐसे त्रिशला नंदन को लाखों प्रणाम हमारा है?
महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ. डी.सी. जैन
पेट रोग, एण्डोसर्जरी विशेषज्ञ
जैन सर्जिको डायग्नॉस्टिक सेंटर
सौभाग्य कॉम्प्लेक्स, दुर्ग
मो. - 9424188544, 9329653841

APEX SUPERSPECIALITY HOSPITAL
"आपका स्वास्थ्य हमारी जिम्मेदारी"
आपके स्वास्थ्य के सम्पूर्ण समाधान के लिए हर विभाग की विशेषज्ञता एक साथ
उपलब्ध सुविधाएं :- 24 घंटे इमरजेंसी एवं एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध, ICU सुविधा उपलब्ध, पैथोलॉजी/डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी
आयुष्मान कार्ड से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
हमारे विभाग एवं सुविधा
एडवांस आर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग | जनरल मेडिसिन एवं क्रिटिकल केयर विभाग | स्त्री एवं प्रसूति विभाग | ट्रॉमा, एक्सीडेंट आपातकालीन विभाग | यूरोलॉजी विभाग | न्यूरोलॉजी विभाग | हृदय रोग विभाग | छाती एवं श्वास विभाग | जनरल सर्जरी विभाग | कैंसर रोग विभाग
कैलाश नगर जी. ई. रोड, कुम्हारी, दुर्ग, छत्तीसगढ़
74409 23446, 96698 92333, 79740 34571

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 31 मार्च 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04



चलन में हैं स्लिप स्कर्ट, स्टाइलिश...


लाइव इवेंट

## छात्राओं के व्यक्तित्व, कौशल विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने कार्यशाला में बताए गुर




**दुर्ग।** घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग में रेडीनेस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सॉफ्ट स्किल ट्रेनर शिखा ठाकुर, दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष आभा रानी गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता, प्रबंधक भावना सिंह राजपूत, विधिक सलाहकार नागेंद्र शर्मा और सहसचिव मोतीलाल भंडारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुरुआत में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं का संपूर्ण कौशल विकास, व्यक्तित्व विकास, नैतिक विकास और आत्मविश्वास जागृत करना था। छात्राओं को शिक्षण कौशल का सरल तरीके से कक्षा पाठ योजना तैयार करना सिखाया गया और इन कौशलों को व्यवहार में प्रयोग करना भी सिखाया गया। कार्यशाला में समूह चर्चा के दौरान प्रश्नोत्तरी द्वारा छात्राओं समस्या का समाधान किया गया। कार्यक्रम के समापन में सभी प्रतिभागी छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नीतू सिंह, सह प्राचार्य चांदनी अग्रवाल एवं सभी विभाग के विभाग अध्यक्ष और समस्त संकाय की छात्राएं उपस्थित रही।



लाइव इवेंट

## महावीर जयंती पर दिया सेवा का संदेश बेसहारा बुजुर्गों के बीच बांटी खुशी



**भिलाई।** भगवान महावीर जयंती के अवसर पर सामाजिक संस्था दिशा ने सेवा और संवेदना की मिसाल पेश की। संस्था के सदस्यों ने सेक्टर-8 स्थित वृद्धाश्रम और सेक्टर-3 में संचालित फील परमार्थ फाउंडेशन पहुंचकर वहां रह रहे बेसहारा, मानसिक रूप से कमजोर और उपेक्षित बुजुर्गों के साथ यह पर्व मनाया। संस्था के सदस्यों ने बुजुर्गों के बीच समय बिताया, उनका हालचाल जाना और उन्हें फल वितरित किए। इस दौरान अपनापन और संवेदना का ऐसा माहौल बना कि बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान साफ नजर आई। संस्था के शांतनु दासगुप्ता ने कहा कि भगवान महावीर का संदेश जीवों पर दया ही सबसे बड़ा धर्म है तभी सार्थक है, जब हम समाज के कमजोर और उपेक्षित वर्ग के बीच जाकर उन्हें सहारा दें। वहीं, फील परमार्थ फाउंडेशन के केयरटेकर अमन नैय्यर ने संस्था दिशा का आभार जताते हुए कहा कि यह पहल सिर्फ फल वितरण तक सीमित नहीं रही, बल्कि बुजुर्गों को सम्मान और अपनापन देने का एक सशक्त प्रयास रही। इस सेवा कार्य में नरेश जैन के नेतृत्व में रामानुज राजू, शांतनु दासगुप्ता, नरसिम्हा राव, नीरज और सुनीता जैन सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।




## पुरुषोत्तम बने जामुल नगर झेरीया धोबी समाज के अध्यक्ष



**भिलाई।** दुर्ग राज झेरिया धोबी समाज की बैठक भिलाई 3 परिक्षेत्र के सामाजिक भवन में रखी गई थी। जहां दुर्ग राज के 9 परिक्षेत्र में सभी पदाधिकारी उपस्थित हुए। इस दौरान सर्वसम्मति से जामुल नगर बनने पर सहमति दी गई। साथ ही सर्वसम्मति से भोला निर्मलकर पुरुषोत्तम को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिसके बाद अब दुर्ग राज में 10 परिक्षेत्र हो गया है। बैठक में विष्णु निर्मलकर, जीवन निर्मलकर, अग्रहित निर्मलकर, शिवकुमार निर्मलकर, भिलाई तीन से भारत निर्मलकर, सत्रोहन निर्मलकर, भागीरथी निर्मलकर, जामुल से त्रिलोक निर्मलकर, भीम निर्मलकर अशोक निर्मलकर सहित समाज के सदस्य काफी संख्या में उपस्थित थे।

● महिलाओं ने जिम्मेदारियां छोड़ खेल के मैदान में दिखाया अपना दमखम

# खेल-खेल में मुस्कान और सशक्तिकरण का संगम, हजारों महिलाओं ने 'बचपन का टिकट' में फिर जिया अपना 'बचपन'

**भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय के नेतृत्व में सखी सहेली महिला समिति द्वारा पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम में बचपन का टिकट चलव दीदी खेल खेले बर जाबो का आयोजन किया गया। अपने बचपन के दिनों को वापस याद करने हजारों महिलाओं की उपस्थिति में मस्ती, आनंद और हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और कार्यक्रम के नेतृत्व कर्ता सरोज पाण्डेय मुख्य रूप से उपस्थित रही।**







**दुर्ग।** कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिभागियों महिलाओं द्वारा मैदान में मशाल रैली निकालकर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के खेल कबड्डी, खो-खो, रस्सी खींच, फुग्गडी, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, जलेबी दौड़, बोरा दौड़, बिल्लस, गोटा का आयोजन किया गया। सामूहिक खेल कबड्डी, रस्सा खींच, टीम का गठन कर उन्होंने हिस्सा लिया। उपस्थित खिलाड़ियों के लिए निःशुल्क चाट, गुपचुप, भेल, चना जोरगरम, बुढ्ढी के बाल, बर्फ गोला, कुल्फी की व्यवस्था की गई थी ताकि वह खेलों के साथ-साथ पारंपरिक व्यंजनों का भी लुफ्त उठा सकें। रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे, दुर्ग महापौर अलका बाघमार और पार्षद के बीच कबड्डी प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें दोनों टीमों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शालिनी राजपूत, भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, मंत्री संध्या परघनिया, महापौर दुर्ग अलका बाघमार, रायपुर महापौर मीनल चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उषा टावरी, चंद्रिका चंद्राकर, माया बेलचंदन, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री शीतल नायक, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष दुर्ग तृप्ति चंद्राकर, भिलाई से स्वीटी कौशिक, रायपुर कृतिका जैन, जिला उपाध्यक्ष सरिता मिश्रा, डॉ. मानसी गुलाटी, विभिन्न समाजों के महिलाएं और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### पुराने और पारंपरिक खेल महिलाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय ने कहा कि वे महिलाएं जो जीवन की आपाधापी के बीच अपने वास्तविक जीवन को भूल चुकी होती हैं। अपनी वास्तविक मुस्कुराहट को दबा कर रखे रहती हैं, उन्हें कुछ पल जीने के लिए उनके पुराने और पारंपरिक खेल खेलने के लिए मैदान प्रदान किया गया। इसमें सभी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सरोज पाण्डेय ने कहा कि बचपन का टिकट केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं के भीतर छिपी ऊर्जा, खुशी और आत्मविश्वास को पुनः जागृत करने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में महिलाएं अपने लिए समय नहीं निकाल पाती, ऐसे में यह आयोजन उन्हें मानसिक सुकून, खुशी और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का माध्यम बना है।









## सेवइयां और अन्य पारंपरिक व्यंजनों का लिया आनंद, भाईचारे का दिया संदेश

**भिलाई।** तालपुरी इंटरनेशनल कॉलोनी में ईद के अवसर पर ईद मिलन समारोह सादगी और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इसमें मुस्लिम समाज के लोगों ने भाग लेकर एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और अमन-खुशहाली की दुआएं मांगीं। समारोह में सेवइयां और अन्य पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया गया। इस अवसर पर रुखसाना शेख, तबस्सुम, रजिया, परवीन, नाजिया, डॉ. फोजिया फरज़ीन, डॉ. नाजरीन, निखत, शकीरा, शमीम, ताहेरा, शबनम, शमशाद, कमाल रजा, ऐजाज़ अहमद, आहद, अनीस, डॉ. अरशद, शरीफ, डॉ. फिरोज खान, जलालुद्दीन, सैयद



लियाकत अली सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाईयां दी साथ ही आपसी भाईचारे और मोहब्बत का संदेश दिया।



## प्याऊ घर का किया उद्घाटन राहगीरों को मिलेगी राहत

**भिलाई।** दुर्ग जिले के उमरपोटी नेहरू नगर में प्याऊ घर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर झमीत गायकवाड जनपद सदस्य दुर्ग, विजेंद्र साहू उमरपोटी सरपंच, टिकेंद्र ठाकुर पूर्व सरपंच उमरपोटी उपस्थित थे। उद्घाटन कार्यक्रम में आकांक्षा एजुकेशनल एवं वेलफेयर सोसायटी संस्था के सदस्य कामता वासनिक अध्यक्ष, सुनीता सोनी उपाध्यक्ष, भारती साहू सचिव, सहसचिव इंदु सुखदेव, सुमन चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति के सदस्य व्यास रात्रे, उमा रीगिरी पूर्व सरपंच पुरई, माखनलाल वासनिक, आरती साहू ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर छगनलाल वासनिक, महेश सोनी, सुषमा चतुर्वेदी, सुरेंद्र चतुर्वेदी, एडवोकेट उषा भारती, गुना राव, कुंती गजपाल, नरेंद्र चतुर्वेदी, देवघर पैकरा, राजकुमारी कुर्रे, प्रभा कौरव, रूपेश बंजारे, राजेंद्र जोशी, नव्या चतुर्वेदी, पुनाराम रात्रे उपस्थित रहे।




तेली इंजीनियर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित कर्मा जयंती में सदस्यों का सम्मान

कार्नर न्यूज

## उन्नति के लिए भौतिक व आध्यात्मिक सामंजस्य बनाए रखना जरूरी भक्त माता कर्मा की जीवनी पर डॉक्यूमेंट्री रही विशेष आकर्षण

**भिलाई।** तेली इंजीनियर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा रविवार को कर्मा जयंती कार्यक्रम भिलाई नगर के सिविक सेंटर स्थित इंजीनियर भवन में मनाया गया। कार्यक्रम में देश-विदेश के अनेक इंजीनियर अपने परिजनों के साथ उपस्थित थे। मुख्य अतिथि इंजीनियर मोहनलाल साहू सेवानिवृत्त उप महानिदेशक ने उन्नति के लिए भौतिक एवं आध्यात्मिक सामंजस्य को बनाए रखने की कवायद की। उन्होने कहा कि हमें टैक्नोलॉजी के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। जिससे समाज के युवा इंजीनियर भी जुड़ सके। हर क्षेत्र में इंजीनियरों की डिमांड है लेकिन उन विभागों के संबंध में जानकारी का अभाव होता है। उन्होने कहा हमारे युवा इंजीनियर विदेश जा रहे हैं जिससे हमारे देश की तरक्की प्रभावित हो रही है।

### तैलिक शब्द से पूरा देश का समाज जुड़ता है

मुख्य अतिथि डॉ. साहू ने कहा कि तैलिक शब्द से हमारे देश का पूरा साहू समाज जुड़ जाता है। वहीं साहू लिखने से यह विस्तारित नहीं हो पाता। तैलिक में चाहे वह महाराष्ट्र का साहू हो या फिर छत्तीसगढ़ या अन्य प्रदेश का सभी समाहित हो जाते हैं। उन्होने कहा कि आज हमारे बच्चे विज्ञान को



तो समझते हैं लेकिन आध्यात्मिक विरक्ति देखा जा रहा है। इसके लिए हम सबका दायित्व है कि बच्चों को जोड़े। सामाजिक कार्यक्रमों में भी लाएं। जिससे वे समाज का महत्व भी समझ सके। भक्त माता कर्मा की वजह से साहू समाज गौरान्वित हुआ है। माता कर्मा की जीवनी हमें सीख देती है और कल्याणकारी है। उनकी वजह से साहू समाज आज गौरावित हुआ है।

### वेलफेयर की गतिविधियां बताई

कार्यक्रम की अध्यक्षता टीकाराम साहू अध्यक्ष द्वारा किया गया। उनके द्वारा तेली इंजीनियर वेलफेयर द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जीआर साहू पूर्व रजिस्टार सीएसवीटीयू एवं प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी तथा डॉ. मृदु साहू, प्रोफेसर एनआइटी रायपुर मंच पर आसीन थे। नारायण साहू पूर्व महाप्रबंधक भेल, रामनाथ साहू पूर्व महाप्रबंधक कोल माइंस एवं पी एन साहू महासचिव टीच भी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां कर्मा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं आरती से हुआ।

### भक्त माता कर्मा पर आधारित डॉक्यूमेंट्री रहा विशेष आकर्षक

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण छत्तीसगढ़ की इतिहासकार एवं रिसर्च स्कॉलर डॉक्टर सरिता साहू द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म थी जो भक्त माता कर्मा के जीवन पर आधारित थी। देव तीर्थ साहू ने मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में अपनी प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में नारायण साहू ने तैलिक समाज के सामाजिक पृष्ठभूमि पर अपने विचार रखें। इंजीनियर रामनाथ साहू, डां मृदु साहू, अमेरिका से आये शाश्वत साहू, पी एन साहू तथा यशवंत देवान ने अपनी ओजस्वी उद्बोधन से सभा को संबोधित किया। राधेश्याम साहू ने संस्था के कोषाध्यक्ष की भूमिका निभाते हुए आय व्यय के साथ-साथ सदस्यता के संबंध में अपने विचार रखें।

### आजीवन सदस्यों का किया सम्मान

संस्था द्वारा अपने सम्माननीय आजीवन एवं संरक्षक सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया । तदनंतर मंचस्थ अतिथि गणों को शाल वह स्मृति चिन्ह के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में इंजीनियर यशवंत साहू उप महाप्रबंधक भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर प्रशांत साहू ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन इंजीनियर बसंत कुमार साहू पूर्व सहायक महाप्रबंधक भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा किया गया।



**सिटी इवेंट**

## विदाई में अनुभव किए साझा, जीवन जनसेवा में लगाने किया प्रेरित



**भिलाई।** 35 वर्षों की दीर्घ एवं समर्पित शैक्षणिक सेवा पूरी करने पर संस्कृत विषय की वरिष्ठ शिक्षिका रेखा पंड्या के सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य राजेश किनेकर, उपप्राचार्य माया, प्रवीण सहित सभी शिक्षक और विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। सभी ने रेखा पंड्या के सरल स्वभाव, अनुशासित कार्यशैली एवं विद्यार्थियों के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। रेखा ने अपने शिक्षकीय जीवन में 35 वर्षों तक विभिन्न विद्यालयों में सेवा दी। के.पी.एस. सुंदर नगर में उन्होंने लगभग 16 वर्षों तक संस्कृत शिक्षिका के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इससे पूर्व वे नेहरू नगर स्थित समता स्कूल तथा महासमुंद के सरस्वती शिशु मंदिर में भी कार्यरत रहीं, जहां उन्होंने छत्तीसगढ़ बोर्ड के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की। विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने प्रिय शिक्षिका के प्रति स्नेह व्यक्त किया। अंत में रेखा ने अपने अनुभव साझा करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को सदैव अनुशासन, संस्कार एवं ज्ञान के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय परिवार ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय भविष्य की कामना की। समारोह में सोनिया गेरा, अफरोज, अवंती दास, बरखा तिवारी, सोमा बिस्वास, संध्या राठौर, जिनी एम. जॉन, मीना रेड्डी, नीलम दुबे, सुनीता और सत्या उपस्थित रहे।



**बच्चे जैन ध्वज, महिलाएं केसरिया और पुरुष सफेद वस्त्रों में हुए शामिल, लगाया जयकारा**

# महावीर की अष्टधातु प्रतिमा की पालकी निकालकर कराया नगर भ्रमण, सकल जैन समाज की शोभायात्रा आज

**भिलाई/दुर्ग।** सेक्टर-6 स्थित त्रिवेणी जैन तीर्थ में भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। भव्य शोभायात्रा, अभिषेक, शांति धारा और धर्मसभा के माध्यम से जैन समाज ने अहिंसा परमो धर्म और जियो और जीने दो का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

सेक्टर-6 स्थित त्रिवेणी जैन तीर्थ में भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर सोमवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान महावीर स्वामी की अष्टधातु प्रतिमा को पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा त्रिवेणी जैन तीर्थ से प्रारंभ होकर सेक्टर-6 मार्केट, सिविक सेंटर चौक, ग्लोब चौक होते हुए गायत्री मंदिर मार्ग से वापस तीर्थ स्थल पहुंची। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने हाथों में जैन ध्वज थामे उत्साहपूर्वक भाग लिया, वहीं महिलाएं केसरिया साड़ी में और पुरुष सफेद वस्त्रों में शामिल होकर णमोकार महामंत्र का जाप करते हुए वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से भगवान की पालकी को कंधे पर उठाकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। इस दौरान पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रशांत जैन, प्रदीप जैन बाकलीवाल, प्रवीण छाबड़ा, सोमेश सिंपी जैन, जिनेंद्र जैन, डॉ अंशुल जैन, निशांत जैन, पप्पू छाबड़ा, वरुण जैन, देवेंद्र जैन, संजीव जैन, अनुपम जैन, राजेश जैन, संजय जैन, अखिलेश जैन, अनिल कासलीवाल, चिंकू बाकलीवाल, पिंकी जैन, अमित जैन ने शांति धारा किया।



**जन्म कल्याणक महोत्सव पर सकल जैन समाज ने निकाली प्रभात फेरी, शोभायात्रा और भंडारा आज :** दुर्ग। जैन समाज के बच्चों को धर्म से जोड़ने और संस्कार देने के उद्देश्य से ऋषभदेव परिसर में सकल जैन समाज ने जैन यूनिटी कार्निवल समता बहु मंडल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया। आकर्षक स्टाल लगाए गए। खेल-खेल में धर्म को कैसे जाने और उसे अपने जीवन में कैसे उतारे, इस बारे में जानकारी दी गई। शांति विजय महिला मंडल की सदस्यों ने वीर महावीर के नाम की मेहंदी रचाकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इधर गंजमंडी प्रांगण में स्टाल लगाकर व्यापार करने हेतु सहयोग किया। सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के संचालन में प्रकाश देशलहरा और दिनेश मारोटी ने किया। 31 मार्च को पुराना बस स्टैंड में विशाल भंडारा, सकोरा वितरण, जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद मारवाड़ी स्कूल से शोभायात्रा निकाली जाएगी।



### नृत्य नाटिका ने मोहा सबका मन

कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों द्वारा भगवान महावीर स्वामी के बाल रूप पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही महावीर चालीसा, विधान पूजन एवं मंगल आरती का आयोजन भी श्रद्धा भाव से किया गया। कार्यक्रम में सकल जैन समाज, श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति, जैन मिलन ट्रस्ट एवं जैन महिला क्लब के पदाधिकारी व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### 230 लोगों ने रक्तदान कर जीवन दान का संकल्प दोहराया

भिलाई। दुर्ग भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव समिति दुर्ग द्वारा महावीर जैन विद्यालय शिक्षक नगर दुर्ग में निशुल्क चिकित्सा शिविर और रक्त दान शिविर का आयोजन ऋषभदेव परिसर चंडी मंदिर रोड दुर्ग में किया गया। चिकित्सा शिविर के प्रभारी डॉ नीलम कोठारी और मनीष पारख के मार्गदर्शन में आयोजित निशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर में 1500 लोगों ने अपना पंजीयन कराया। ऋषभदेव परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में जैन समाज की महिलाएं और युवाओं ने भी रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में 230 लोगों ने रक्तदान कर जीवनदान का संकल्प दोहराया। इस कार्यक्रम में डोनेट थोड़ा सा और नव दृष्टि फाउंडेशन की टीम सेवा कार्य में लगी रही। भगवान महावीर जन्म



कल्याणक महोत्सव समिति दुर्ग में आयोजित चिकित्सा शिविर में काफी संख्या में मरीज चिकित्सा के लिए पहुंचे थे जहां उन्हें डॉक्टर के परामर्श के बाद निशुल्क पैथोलॉजी जांच और दवा वितरण भी किया गया। इस चिकित्सा शिविर में दंत चिकित्सा के लिए मैत्री डेंटल डॉक्टरों की टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। इस अवसर पर अहिंसा यात्रा निकाली गई, साथ ही जीव दया ग्रुप के द्वारा संचालित चलित प्याऊ सेवा की योजना का भी शुभारंभ हुआ।

### जिला अस्पताल में फल का वितरण



**दुर्ग।** महावीर जयंती महोत्सव पर जैन समाज के लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचकर फल का वितरण किया। इस दौरान समाज के लोगों ने मरीजों का हाल-चाल जाना। साथ ही हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया। इस अवसर पर उत्तम सार्थक भंडारी, ऋषभ जैन, सुनील कोठारी, प्रभात सांखला, सूरज डांकलिया, योगेश बरड़िया, सोहन काला, चंद्रशेखर पारख, रजत लोढ़ा, अजय जैन, मनीष जैन, दिनेश सुराना सहित अन्य मौजूद थे।

**सिटी लाइव**

## परिसर को साफ-सुथरा रखने के लिए लिया गया संकल्प



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग और पीएचडी अनुभाग के तत्वावधान में स्वच्छता पखवाड़े के तहत नगर सेवाएं परिसर में स्वच्छता संकल्प कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी एबी श्रीनिवास थे। उन्होंने टाउनशिप की सफाई प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण पर विशेष बल देते हुए मार्गों के किनारे कचरा फेंकने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने कहा। महाप्रबंधक केके यादव, महाप्रबंधक डॉ. एनके जैन, उप महाप्रबंधक आरके गर्ग, वरिष्ठ प्रबंधक मृदुल गुप्ता, उप प्रबंधक मिलिंद बंसोड, उप प्रबंधक (योजना) श्री विवेक मिश्रा आदि उपस्थित थे।

- सफाई प्रणाली को सुदृढ़ करें- श्रीनिवासन

**16वीं चैम्पियनशिप में दिखाई प्रतिभा**

## राष्ट्रीय डांस स्पोर्ट चैम्पियनशिप में प्रदेश की टीम ने बटोरे 9 पदक, मिला उपविजेता का खिताब

**भिलाई।** 16वीं राष्ट्रीय डांस स्पोर्ट चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य ने ब्रेकिंग, लैटिन डांस बॉलीवुड तथा फ्री स्टाइल डांस में कुल 5 स्वर्ण पदक और 4 रजत पदक प्राप्त कर द्वितीय उपविजेता का खिताब अपने नाम किया।

राजस्थान डांसस्पोर्ट एसोसिएशन द्वारा 16वीं राष्ट्रीय डांस स्पोर्ट चैम्पियनशिप का आयोजन योगी स्टेडियम, मांडवा रोड, झुंझुनू राजस्थान में 27 से 29 मार्च तक किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से सब जुनियर, जूनियर-1, यूथ, सीनियर और एडल्ट, पुरुष एवं महिला वर्ग में टीमों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ राज्य की टीम प्रशिक्षक के रुप में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रशिक्षक विनोद शंकर तथा टीम प्रबंधक के रुप में मधुमिता देव बर्मन ने भाग लिया। इस चैम्पियशिप में लगभग 16 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। चैंपियनशिप में प्रतिभागी खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, कड़ी मेहनत एवं समर्पण का शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न नृत्य विधाओं में पदक अर्जित किए। रूद्र पाटीदार ने जुवेनाइल-2 व जुवेनाइल, लेटिन सोलो व ब्रेकिंग में 2 स्वर्ण व 1 रजत पदक, आरव शर्मा ने जूनियर-1 व सब जूनियर तथा लेटिन सोलो व बॉलीवुड में 1 स्वर्ण और 1 रजत पदक, जिनिया देव बर्मन ने यूथ और लेटिन सोलो व बॉलीवुड में 1 स्वर्ण व 1 रजत पदक, दीक्षा भगत ने सीनियर लेटिन सोलो में स्वर्ण पदक, सुशांत साहने ने एडल्ट, फ्री स्टाइल सोलो में 1 रजत पदक प्राप्त किए। पदक अर्जित कर द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त करने पर प्रशिक्षक विनोद शंकर ने खिलाड़ियों को बधाई दी।



ब्रेकिंग श्रेणी में रूस के कोच श्री कोस्टो ने निर्णायक की भूमिका निभाई, वहीं लैटिन अमेरिकन डांस श्रेणी का मूल्यांकन छत्तीसगढ़ के कोच विनोद शंकर द्वारा किया गया। इसी क्रम में, लैटिन सालसा श्रेणी के लिए लुधियाना से निश्चय नरूला तथा बॉलीवुड डांस श्रेणी के लिए उत्तराखंड से सनी निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। इसके पूर्व भी तमिलनाडु, चेन्नई में आयोजित 14वीं राष्ट्रीय डांस स्पोर्ट चैम्पियनशिप में भी छत्तीसगढ़ राज्य की टीम ने ओवर ऑल चैम्पियनशिप के ख़िताब पर अपना कब्जा जमाया था। वहीं पंजाब में आयोजित 15वीं राष्ट्रीय डांस स्पोर्ट चैम्पियनशिप में प्रथम उपविजेता का खिताब अपने नाम किया था। उल्लेखनीय है कि दिनांक 17 से 27 सितम्बर 2017 तक अशगाबात, तुर्कमेनिस्तान ओल्ड रसिया में आयोजित 5वीं एशियन इंडोर और मार्शल आर्ट्स गेम्स 2017 में प्रशिक्षक विनोद शंकर के नेतृत्व में राज्य के 2 खिलाड़ी अर्पित जैन एवं एश्वर्या ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था जिसमें भारत का 7वां स्थान रहा।

**1 हजार से अधिक भक्त हुए शामिल**

## चरोदा रेलवे कॉलोनी में सीताराम कल्याण महोत्सव मनाया गया





**भिलाई।** चरोदा रेलवे कॉलोनी स्थित श्रीकोदंड रामालय में सीताराम कल्याण महोत्सव बड़े ही धूमधाम साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक हजार से अधिक भक्तों की उपस्थिति में पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू ने कहा कि राम मंदिर निर्माण के दौरान बाधाएं आना स्वाभाविक है। यह भगवान द्वारा हमारी धैर्य और श्रद्धा की परीक्षा होती है। हम सभी मिलकर इस परीक्षा में सफल होकर एक भव्य राम मंदिर का निर्माण करेंगे। उन्होंने नव-निर्मित हो रहे राम मंदिर के लिए हर संभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। चरोदा भाजपा मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर ने कहा की प्रभु राम मंदिर में यहां श्रद्धा से आने वाले का हर मनोकामना पूर्ण होती है और यहां राम मंदिर बहुत प्राचीन है और सभी श्रद्धालु को बधाई संदेश दिया। इस अवसर पर रामालय अध्यक्ष महेश्वर राव, जनरल सेक्रेटरी के.के. पट्नायक, ट्रेजरर जगन्नाथ राव, पूजा समिति सचिव जे.यू.एम. राव, अध्यक्ष राजबाबू, ट्रेजरर हरि भूषण, राघवराव, एस.वी. रमण, रामारेड्डी, सी.एच. रमण मूर्ति, बूसी वेणु कृष्ण तथा रंगाराव, मंडल उपाध्यक्ष परमजीत सिंह, परमिला ताड़ी, गोवर्धन श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।कार्यक्रम के समापन पर डी. विजय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी श्रद्धालुओं एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## सेवा ने रिटायर सदस्य समीर, आशा व कृष्णानंद की सेवाओं को किया याद



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों और अधिकारियों की कल्याणकारी संस्था स्टील एम्पलॉइज वेलफेयर एसोसिएशन(सेवा) द्वारा गवर्निंग बॉडी के वरिष्ठ सदस्य समीर गुप्ता(सीजीएम,सीएंडआईटी) एनआशा(डीजीएम,एफएंडए ) और कृष्णानंद राय(वरिष्ठ प्रबंधक,टीएसडी)के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह हुआ। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष जेएन ठाकुर ने की।सेवानिवृत्त सदस्यों ने बीएसपी में बिताए गए वर्षों को अपने जीवन का महत्वपूर्ण बताते हुए संस्था एवं सहकर्मियों के सहयोग के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि सेवा संस्था ने न केवल कर्मचारियों के कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संस्था के अध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि तीनों रिटायर सदस्यों के नेतृत्व,कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण ने संस्था व बीएसपी की कार्यसंस्कृति को समृद्ध किया है।उपाध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र योगदान को महती बताया। रिटायर सदस्यों का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का कुशल संचालन संस्था के सचिव डीजीएम मनीष पंत ने किया। इस अवसर पर सच्चिदानंद पाण्डे, हरिराम यादव,मुकुल वर्मा,शैलेश कुमार सिंह, शैलजा सहित सेवा के सभी सदस्य उपस्थित थे।

**आर्य समाज सेक्टर-6 में विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन**

# ज्ञान नहीं साधना बनाती है महान, यही है सच्ची आध्यात्मिकता, विश्व शांति के लिए डाली आहुति

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 में वैश्विक स्तर पर बढ़ती अशांति, तनाव और असंतुलन को दृष्टिगत रखते हुए विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत आहुति प्रदान कर मानवता के कल्याण, शांति, प्रेम एवं सद्भाव की कामना की गई। यज्ञ स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता आचार्य डॉ अजय आर्य ने कहा कि ईश्वर सच्चिदानंद स्वरूप हैं अर्थात सत्य, चेतना और आनंद के मूल स्रोत। इसलिए जो व्यक्ति ईश्वर की भक्ति और सत्य के मार्ग पर चलता है, उसके जीवन में स्वाभाविक रूप से शांति, प्रेम और संतुलन प्रकट होता है। उन्होंने कहा कि सच्ची आध्यात्मिकता बाहरी आडंबर में नहीं, बल्कि हमारे व्यवहार और व्यक्तित्व में झलकनी चाहिए। ऐसा व्यक्ति, जिसके पास बैठकर मन को शांति, हृदय को प्रेम और आत्मा को संतोष मिले, वही वास्तविक अर्थों में आध्यात्मिक कहलाने योग्य है।





### केवल ज्ञान अर्जित कर लेने से ही मनुष्य महान नहीं बनता

आचार्य ने अपने विचारों को विस्तार देते हुए कहा कि केवल ज्ञान अर्जित कर लेना मनुष्य को महान नहीं बनाता। ज्ञान एक साधन अवश्य है, परंतु साधना ही उसे जीवन में उतारती है और मनुष्य को महान बनाती है। जब ज्ञान आचरण में परिवर्तित होता है, तभी वह समाज के लिए उपयोगी, प्रेरणादायक और परिवर्तनकारी बनता है।उन्होंने यज्ञ के वास्तविक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ केवल अग्नि में घी और सामग्री अर्पित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अपने भीतर के विकारों अहंकार, क्रोध, लोभ और नकारात्मकता की आहुति देने की प्रक्रिया है। जब व्यक्ति अपने दोषों को त्यागकर श्रेष्ठ गुणों को अपनाता है, तभी यज्ञ का वास्तविक उद्देश्य पूर्ण होता है। आचार्य का आचार जीवन के स्वाद को बढ़ा देता है। इसलिए आचार्यों का सम्मान करना चाहिए और उनके सान्निध्य को प्राप्त करना चाहिए।

### भजनों को सुन भक्तिमय हुआ वातावरण

महायज्ञ का संचालन आचार्य अंकित शर्मा द्वारा विधिवत रूप से संपन्न कराया गया। प्रवीण गुप्ता द्वारा प्रस्तुत भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और भावपूर्ण बना दिया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम के अंत में अवनी भूषण ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने यह संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में शांति, सत्य, सेवा और श्रेष्ठ आचरण को अपनाकर न केवल स्वयं का उत्थान करेंगे, बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे तथा विश्व शांति के इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। सत्संग में अवनी भूषण पुरंग प्रधान, रवि आर्य उप प्रधान, प्रवीण गुप्ता मंत्री, जवाहरलाल सरपाल, प्रमिला सरपाल, कमलेश आर्य, मधु गुप्ता, सरोज बहल, सोनिया पुरंग, के के शर्मा, यतेंद्र पुरंग, विपिन आर्य, डोनेडे, बसंत वर्मा सहित अन्य श्रद्धालु भी उपस्थित रहे। नए सदस्य अनिल शर्मा एवं कीर्ति शर्मा ने सदस्यता ग्रहण की।

ज्योतिष

## गुरु की राशि में बनेगा त्रिग्रही योग धनु, वृष और मिथुन राशि को होगा लाभ



ज्योतिष पंचांग के अनुसार ग्रहों के सेनापति मंगल देव 2 अप्रैल को दोपहर 3 बजकर 59 मिनट पर मीन राशि में प्रवेश करके त्रिग्रही योग बनाएंगे। आपको बता दें कि यह त्रिग्रही योग 14 अप्रैल तक बना रहेगा। क्योंकि इस दिन सूर्य देव मेष राशि में प्रवेश कर जाएंगे। वहीं यह योग व्यक्ति को मेहनत, संघर्ष और नेतृत्व के दम पर सफलता दिला सकता है।

**धनु राशिः** धनु राशि के जातकों के लिए यह त्रिग्रही योग लाभकारी साबित हो सकता है, क्योंकि गुरु आपकी ही राशि के स्वामी हैं। इस दौरान करियर में उन्नति, रुके हुए कार्यों की पूर्ति और आर्थिक लाभ होने की संभावना है। हालांकि, इसी समय अति-आत्मविश्वास से बचना जरूरी है, क्योंकि जल्दबाजी में लिए गए फैसले नुकसान दे सकते हैं और किसी करीबी के साथ विचारों का टकराव भी संभव है।

**वृष राशिः** यह योग आपकी राशि से इनकम और लाभ स्थान पर बनने जा रहा है। इसलिए इस दौरान आय के नए स्रोत बन सकते हैं, निवेश से लाभ मिलने के योग हैं और परिवार में सुख-शांति बनी रहने की संभावना है। लेकिन इस दौरान खर्चों में अचानक वृद्धि हो सकती है और किसी पुराने निवेश में देरी या अटकाव भी परेशान कर सकता है, इसलिए पैसों के मामलों में सावधानी बरतना जरूरी होगा।

**मिथुन राशिः** यह योग आपकी राशि से कर्म भाव पर बनने जा रहा है। इसलिए यह समय आपको काम- कारोबार में नए अवसर मिल सकते हैं। वहीं संचार और नेटवर्किंग के जरिए फायदा हो सकता है और आत्मविश्वास बढ़ने के योग हैं। हालांकि, मन में अस्थिरता और निर्णय लेने में भ्रम की स्थिति बन सकती है, जिससे अच्छे मौके हाथ से निकलने का खतरा रहेगा, इसलिए धैर्य और सोच-समझकर कदम उठाना जरूरी है।

## 19 अप्रैल से वृष, सिंह और कन्या राशि के जातकों की बल्ले-बल्ले



वैदिक ज्योतिष अनुसार शुक्र ग्रह 19 अप्रैल को दोपहर 3 बजकर 57 मिनट पर अपनी स्वराशि वृष में गोचर करने जा रहे हैं, साथ ही वृष में गोचर से मालव्य महापुरुष राजयोग भी बनेगा। शुक्र ग्रह को धन, ऐश्वर्य, प्रेम, कला, सौंदर्य और वैवाहिक सुख का कारक माना जाता है। हालांकि, अधिक भोग-विलास की प्रवृत्ति भी बढ़ सकती है, जिससे संतुलन बनाए रखना जरूरी होता है।

**वृष राशिः** एक तो शुक्र आपकी ही राशि में प्रवेश कर रहे हैं। साथ ही वह आपकी राशि के स्वामी भी हैं। इसलिए इस दौरान आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ सकता है और व्यक्तित्व में निखार आ सकता है। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ने के योग हैं और अविवाहित लोगों के लिए विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं। हालांकि, इस दौरान आप आराम और विलासिता की ओर अधिक आकर्षित हो सकते हैं, जिससे खर्चों में तेजी आ सकती है।

**सिंह राशिः** शुक्र ग्रह का गोचर आपकी राशि से कर्म भाव पर होने जा रहा है। इसलिए इस दौरान कार्यस्थल पर आपके काम की सराहना हो सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रह सकती है और जीवनसाथी के साथ संबंध मजबूत होने के योग हैं। खर्चों में भी अचानक वृद्धि हो सकती है। इसलिए इस दौरान धैर्य और संयम बनाए रखें और अनावश्यक विवादों से दूर रहें।

**कन्या राशिः** यह गोचर आपकी राशि से भाग्य स्थान पर होने जा रहा है। इसलिए इस दौरान लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होने के योग हैं। साथ ही इस दौरान आपको भाग्य का पूरा साथ मिल सकता है। इस अवधि में आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। हालांकि, इस दौरान भावनात्मक असंतुलन या रिश्तों में गलतफहमी पैदा हो सकती है। किसी भी बड़े निर्णय से पहले सोच-विचार करें और रिश्तों में पारदर्शिता बनाए रखें।

कारणों को समझ लिया जाए, तो वजन नियंत्रित करना आसान हो सकता है

# आम समस्या बनती जा रही है पेट की चर्बी का बढ़ना, मोटापे को रोकने ऐसे रहें सतर्क

आजकल की भागदौड़ भरी जीवनशैली में पेट के आसपास चर्बी जमा होना एक आम समस्या बनती जा रही है। कई लोग नियमित रूप से वजन बढ़ने या तोंद निकलने की शिकायत करते हैं, लेकिन इसके पीछे छिपे कारणों पर ध्यान नहीं देते। यदि समय रहते इन कारणों को समझ लिया जाए, तो वजन नियंत्रित करना आसान हो सकता है। आइए जानते हैं वे प्रमुख कारण, जो पेट की चर्बी बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं।



### शारीरिक गतिविधि की कमी

अगर आपका ज्यादातर समय बैठकर काम करने में गुजरता है और दिनभर कोई खास शारीरिक मेहनत नहीं होती, तो यह वजन बढ़ने की बड़ी वजह बन सकती है। शरीर को सक्रिय रखना बेहद जरूरी है। आप घर पर योग, तेज चाल से चलना, साइकिल चलाना या तैराकी जैसी गतिविधियों को अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं। नियमित एक्सरसाइज से मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है और अतिरिक्त चर्बी कम करने में मदद मिलती है।

### असंतुलित खानपान

बार-बार बाहर का खाना, ज्यादा तला-भुना या मीठा भोजन वजन बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। अगर आप सच में फिट रहना चाहते हैं, तो अपने आहार में सुधार करना जरूरी है। प्रोटीन, फाइबर, हरी सब्जियां, फल और साबुत अनाज को भोजन में शामिल करें। जंक फूड और शुगर से भरपूर चीजों का सेवन सीमित करें। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम का मेल ही स्वस्थ वजन बनाए रखने की कुंजी है।

### तनाव और अधूरी नींद

लगातार तनाव में रहना शरीर के हार्मोनल संतुलन को बिगाड़ सकता है, जिससे वजन बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा पर्याप्त नींद न लेना भी मोटापे का कारण बन सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, रोजाना 7-8 घंटे की अच्छी नींद शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करती है। योग, ध्यान और रिलैक्सेशन तकनीकों से तनाव को कम किया जा सकता है।

### मोटापे से जुड़े खतरे

पेट की अतिरिक्त चर्बी केवल दिखने में ही समस्या नहीं है, बल्कि यह कई गंभीर बीमारियों का जोखिम भी बढ़ा सकती है, जैसे डायबिटीज, हृदय रोग और हाई ब्लड प्रेशर। इसलिए समय रहते जीवनशैली में सुधार करना बेहद जरूरी है।

## ब्रेकफास्ट में अंकुरित मूंग खाने के फायदे रोजाना सेवन से मिल सकते हैं कई लाभ

सुबह का नाश्ता दिनभर की ऊर्जा का आधार माना जाता है। ऐसे में हेल्दी और पोषण से भरपूर चीज़ों को शामिल करना बेहद जरूरी होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, नाश्ते में अंकुरित मूंग को शामिल करना सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।



**पाचन तंत्र को रखे दुरुस्त :** अंकुरित मूंग में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाने में मदद करती है। यह मेटाबॉलिज्म को सक्रिय रखता है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिला सकता है।

**वजन घटाने में सहायक :** जो लोग वजन कम करना चाहते हैं, उनके लिए अंकुरित मूंग एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसमें कैलोरी कम और प्रोटीन व फाइबर ज्यादा होता है, जिससे लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस होता है और अनावश्यक खाने की आदत कम होती है।

**पोषक तत्वों से भरपूर :** अंकुरण के बाद मूंग में मौजूद विटामिन और मिनरल्स की मात्रा बढ़ जाती है। इसमें विटामिन C, आयरन और प्रोटीन जैसे तत्व पाए जाते हैं, जो इम्यूनिटी बढ़ाने, खून की कमी दूर करने और मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

**दिल और ब्लड शुगर के लिए लाभकारी :** अंकुरित मूंग का सेवन कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। साथ ही इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे ब्लड शुगर लेवल संतुलित रखने में सहायता मिलती है।

**सावधानी जरूरी :** हालांकि, किसी भी नई डाइट को अपनाने से पहले डॉक्टर या विशेषज्ञ की सलाह लेना जरूरी है, खासकर अगर आप किसी बीमारी से जूझ रहे हैं।

## इन बीमारी वाले लोगों को गेहूं की रोटी से करना चाहिए परहेज

गेहूं की रोटी भारत में लगभग हर घर की रसोई में बनती है। इसे दाल, सब्ज़ी या दूध के साथ बड़े चाव से खाया जाता है। यह शरीर को ऊर्जा देने के साथ कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करती है। लेकिन कुछ लोगों के लिए गेहूं की रोटी परेशानी का कारण बन सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक कुछ बीमारियों में इस रोटी से बचना ज़रूरी है। आइए जानते हैं किन लोगों को गेहूं की रोटी नहीं खानी चाहिए



### सीलिएक रोग

यह ऑटोइम्यून रोग है जिसमें शरीर ग्लूटेन को पचा नहीं पाता। गेहूं खाने से छोटी आंत को नुकसान पहुंचता है और पोषक तत्वों का अवशोषण रुक जाता है।

### ग्लूटेन सेंसिटिविटी

कुछ लोगों में सीलिएक रोग नहीं होता, लेकिन गेहूं खाने से पेट फूलना, गैस, दस्त या पेट दर्द जैसी समस्याएँ हो सकती हैं। ऐसे लोग रोटी की मात्रा कम करें या पूरी तरह से परहेज़ करें।

### गेहूं से एलर्जी

गेहूं खाने के बाद शरीर में एलर्जिक प्रतिक्रिया हो सकती है। इसके लक्षणों में त्वचा पर चकत्ते, खुजली, सांस लेने में तकलीफ़ या नाक बहना शामिल हो सकते हैं।

### इरिटेबल बाउल सिंड्रोम

आईबीएस वाले लोग गेहूं में मौजूद 'फ्रुक्टन्स' को पचा नहीं पाते। इससे गैस, पेट में दर्द और पाचन संबंधी परेशानियाँ बढ़ सकती हैं।

### टाइप-2 डायबिटीज

गेहूं का ग्लाइसेमिक इंडेक्स अधिक होने की वजह से ब्लड शुगर तेजी से बढ़ सकता है। डायबिटीज वाले लोग मैदा से बचें और चोकरयुक्त गेहूं का सेवन करें।



## गर्भवती महिलाएं कुछ सावधानियां बरतकर गर्मी से खुद और गर्भस्थ शिशु को रखें सुरक्षित

गर्मियों में गर्भवती महिलाओं को गर्मी के कारण कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान शरीर का तापमान बढ़ने से उन्हें अधिक थकान और कमजोरी महसूस हो सकती है। इसके अलावा पानी की कमी और लू जैसी समस्याएं भी होने का खतरा रहता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे उपाय बताते हैं, जिन्हें अपनाकर गर्भवती महिलाएं गर्मी से सुरक्षित रह सकती हैं और उनकी सेहत भी अच्छी बनी रह सकती है।

**ढीले और हल्के कपड़े पहनें :** गर्भवती महिलाओं को इस मौसम में ढीले और हल्के कपड़े पहनने चाहिए। सूती या लिनेन के कपड़े सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि ये त्वचा को हवा लगने देते हैं और पसीना सोखते हैं। हल्के रंगों के कपड़े पहनें क्योंकि ये सूरज की रोशनी को कम सोखते हैं और आपको ठंडक का एहसास दिलाते हैं। टाइट कपड़े पहनने से बचें क्योंकि ये त्वचा को आराम से सांस लेने नहीं देते, जिससे जलन हो सकती है।



**घर में ठंडक बनाए रखने करें ये काम :** गर्भवती महिलाएं अपने घर में ठंडक बनाए रखने के लिए खिड़कियों और दरवाजों को दिन में बंद करके रखें और शाम के समय ही इन्हें खोलें। इससे घर में ठंडी हवा आएगी, जो गर्मी को कम करेगी। इसके अलावा घर में पंखे या एसी का इस्तेमाल करें ताकि ठंडक बनी रहे। ठंडक के लिए घर की छत पर हल्के रंग की पेंटिंग कराएं क्योंकि हल्के रंग सूरज की रोशनी को कम सोखते हैं, जिससे घर ठंडा रहता है।

**पानी की कमी से बचें :** गर्भवती महिलाओं के लिए पानी की कमी से बचना बहुत जरूरी है क्योंकि यह सेहत के लिए अच्छा होता है। दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी जरूर पिएं। इसके अलावा नारियल पानी, छाछ और ताजे फलों का रस भी पी सकती हैं। ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करें, जो आपको तरोताजा महसूस कराएं। ठंडे पेय पदार्थों में शीतल पेय और कैफीन युक्त पेय से दूर रहें। इनकी बजाय प्राकृतिक पेय का सेवन करें।

### खान-पान का रखें ध्यान

गर्भवती महिलाओं को इस मौसम में खाने-पीने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। ताजे फल और सब्जियां खाएं, जो विटामिन और खनिज से भरपूर हों। मौसमी फल जैसे तरबूज, खरबूज और ककड़ी का सेवन करें, जो शरीर को ठंडक पहुंचाने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा ठंडी दही या लस्सी भी पी सकती हैं। भारी और मसालेदार भोजन से बचें क्योंकि ये पाचन क्रिया पर बोझ डाल सकते हैं और गर्मी बढ़ा सकते हैं।

### अधिक समय तक धूप में न रहें

गर्भवती महिलाओं को अधिक समय तक धूप में नहीं रहना चाहिए, खासकर दोपहर के समय जब सूरज की रोशनी सबसे तीखी होती है। अगर बाहर जाना जरूरी हो तो छाता या टोपी पहनकर निकलें ताकि धूप से बचाव हो सके। इसके अलावा घर से बाहर निकलते समय सनस्क्रीन लगाएं, जो त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने में मदद कर सकती है। सनस्क्रीन के साथ-साथ धूप के चश्मे भी पहनें।

कार्नर न्यूज

ठंडक के साथ-साथ मिलेगी ताजगी

# गर्मियों में शरीर को ठंडा और तरोताजा रखने के लिए पिएं दही से बने पेय

गर्मियों में शरीर को ठंडा और तरोताजा रखने के लिए तरल पदार्थों का सेवन करना बहुत जरूरी होता है। ऐसे में दही से बने पेय आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। ये न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि शरीर को ठंडक भी पहुंचाते हैं। आइए दही से बनने वाले पेय की रेसिपी जाते हैं, जिनका रोजाना सेवन करने से आपको कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं और ताजगी के साथ-साथ ठंडक भी मिलेगी।



### अनानास और दही का पेय

अनानास और दही का पेय गर्मी के मौसम में पीने के लिए बहुत अच्छा रहता है। इसके लिए एक कप दही, एक कप ठंडा पानी, एक कप अनानास का रस, एक चम्मच चीनी और बर्फ के टुकड़े मिलाकर इसे अच्छे से ब्लेंड करें। इसे गिलास में डालें और ऊपर से अनानास के टुकड़े और पुदीने की पत्तियां सजाकर इसका सेवन करें। यह पेय दही और अनानास के रस का स्वादिष्ट संयोजन है।

### खजूर और दही का पेय

खजूर और दही का पेय उन लोगों के लिए सही रहेगा, जो ऊर्जा और ताजगी दोनों चाहते हैं। खजूर इसमें प्राकृतिक मिठास जोड़ देंगे और दही से हाइड्रेशन और ठंडक मिल जाएगी। इसे बनाने के लिए एक कप दही, एक कप ठंडा पानी, 2-3 खजूर (बीज निकालकर), एक चम्मच चीनी और बर्फ के टुकड़े मिलाकर इसे अच्छे से ब्लेंड करें। इसे गिलास में डालें और ऊपर से कटे खजूर डालकर इसका सेवन करें।

### पुदीना और दही का पेय

और दही का पेय बनाने के लिए एक कप दही, एक कप ठंडा पानी, एक चम्मच चीनी, बारीक कटी पुदीने की पत्तियां और बर्फ के टुकड़े मिलाएं। इसे अच्छे से ब्लेंड करें और गिलास में डालकर ऊपर से पुदीने की पत्तियां डालें। यह पेय दही और पुदीने का ताजगी भरा मेल है, जो गर्मियों में ठंडक पहुंचाता है। यह एक किस्म की स्मूदी है, जो आपके शरीर को ताजगी से भर देगी।

### लस्सी

लस्सी एक पारंपरिक दही आधारित पेय है, जो खास तौर से पंजाब में बहुत प्रसिद्ध है। इसे बनाने के लिए एक कप दही, एक चौथाई कप ठंडा पानी, बर्फ, 2 चम्मच चीनी और एक चौथाई चम्मच इलायची पाउडर को अच्छे से फेंट लें। इसे एक गिलास में डालें और ऊपर से बारीक कटे बादाम और केसर डालें। आप चाहें तो इसका स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें केवड़ा और गुलाब जल भी शामिल कर सकते हैं।



### आम और दही का पेय

गर्मियों के साथ-साथ आम का सीजन भी शुरू हो जाता है। इसका फायदा उठाते हुए आप ताजगी देने वाला आम और दही का पेय बना सकते हैं। इसके लिए एक कप दही, एक कप ठंडा पानी, एक कप आम का गूदा, एक चम्मच चीनी और बर्फ के टुकड़े मिलाकर अच्छे से ब्लेंड कर लें। इसे गिलास में डालें और ऊपर से आम के टुकड़े और सब्जा के बीज डालकर इसे परोसें। यह पेय आपको कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करेगा।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डीजे फिके को म्यूजिक बजाना पड़ा महंगा, महिला ने किया हमला



डीजे फिके को उस वक्त परेशानी का सामना करना पड़ा जब उन्होंने खुले आसमान के नीचे परफॉर्म करना शुरू किया। परफॉर्मेंस के दौरान एक महिला ने उन पर हमला कर दिया। कभी-कभी, एक शांत सुबह का माहौल अचानक से बिगड़ जाता है, कुछ ऐसा ही फ्रांस में रियो-बेस्ड डीजे फिके के एक परफॉर्मेंस के दौरान हुआ। उनका एक बेहतरीन म्यूजिक सेशन एक हैरान करने वाली वजह से चर्चा में आ गया। यह घटना फ्रांस के मार्सिले में हुई, जहां फिके एक बेहद खूबसूरत आउटडोर जगह पर परफॉर्मेंस दे रहे थे। इसी बीच एक महिला परफॉर्मेंस के दौरान उनके पास आई और उनसे म्यूजिक बंद करने को कहा। फिके ने तुरंत उनकी बात मान ली और म्यूजिक की आवाज धीमी कर दी। हालांकि, मामला यहीं शांत नहीं हुआ। वह महिला लगातार उनसे बहस करती रही और पुलिस बुलाने की धमकी भी दी। हालात को शांत करने की फिके की तमाम कोशिशों के बावजूद, दोनों के बीच तनाव बढ़ता गया। महिला ने चिल्लाते हुए कहा, 'तुम खुद को समझते क्या हो?'। वह लगातार अपशब्दों का इस्तेमाल करती रही। फिके जिन्हें फ्रेंच भाषा समझ नहीं आती थी, उन्होंने अपनी बात समझाने की कोशिश की, लेकिन महिला का हंगामा जारी रहा। महिला ने कहा कि आप वहीं रुके रहें अभी पुलिस आती ही होगी। जब फिके ने वहां से जाने की कोशिश की, तो महिला ने उन पर कॉफी फेंक दी।

### टॉलीवुड

## महाकाली : अक्षय खन्ना का असुर गुरु शुक्राचार्य अवतार



'धुरंधर' में अपना परचम लहराने के बाद अक्षय खन्ना 'महाकाली' में नजर आने वाले हैं। फिल्म के सेट से एक पर्दे के पीछे की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है, जिससे फैंस में उत्साह का माहौल छा गया है। यह तस्वीर निर्देशक प्रशांत वर्मा ने शेयर की है, जिन्होंने इसके साथ एक्टर के अभिनय और पर्दे पर उनकी प्रेजेंस की तारीफ करते हुए एक इमोशनल नोट भी लिखा है। निर्देशक प्रशांत वर्मा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर यह तस्वीर शेयर करते हुए अक्षय खन्ना के लिए लिखा, 'एक सच्चे अभिनेता जो यह साबित करते हैं कि असली प्रतिभा को दिखावे की जरूरत नहीं होती। सहज पर्दे पर उपस्थिति, दमदार अभिनय और बेजोड़ क्लास हमेशा अलग दिखते हैं। आपके साथ काम करना मेरे लिए परम सम्मान की बात है। अक्षय खन्ना प्रशांत वर्मा की फिल्म 'महाकाली' से तेलुगू सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं, जिससे प्रशांत वर्मा के सिनेमाई यूनिवर्स में एक और दमदार चैप्टर जुड़ जाएगा। निर्देशक ने इससे पहले अक्षय खन्ना का फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी किया था, जिसके साथ ही एक्टर ने सोशल मीडिया पर वापसी भी की। पोस्टर में अक्षय खन्ना किरदार में पूरी तरह डूबे हुए नजर आ रहे हैं। उनका दमदार पोस्टर इंटरनेट पर धूम मचा रहा है। फैंस एक्टर से एक और शानदार परफॉर्मेंस की उम्मीद कर रहे हैं। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, 'देवताओं की छाया में, विद्रोह की सबसे तेज लौ उठी। महाकाली में शाश्वत असुर गुरु शुक्राचार्य के रूप में रहस्यमय अक्षय खन्ना को प्रस्तुत करते हुए।' इसके अलावा, अक्षय सनी देओल के साथ क्राइम ड्रामा 'इक्का' में भी नजर आएंगे। टीजर की शुरुआत में सनी देओल एक वकील के रूप में अदालत की सुनवाई की तैयारी करते नजर आते हैं।

### भोजपुरी

## पवन सिंह और जोनिता का गाना टच बडी' रिलीज



भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह ने जोनिता गांधी के साथ मिलकर फिल्म 'डकैत' का एक गाना गाया है, जो रिलीज हो चुका है। गाने का नाम 'टच बडी' है और ये रिलीज के बाद से धूम तो मचा रहा, लेकिन इसकी आलोचना भी हो रही है। भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह आगामी फिल्म 'डकैत' के गाने 'टच बडी' के प्रमोशन के लिए गोरखपुर पहुंचे। इस फिल्म में आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर लीड रोल्स में हैं। गाने को रिलीज के बाद से ही खूब प्यार मिल रहा है। कमाल की बात ये है कि इसे पवन सिंह के साथ जोनिता गांधी ने गाया है। भोजपुरी सिंगर पवन सिंह ने यह भी बताया कि 'डकैत' फिल्म को पहले तमिल में शूट किया गया था और बाद में हिंदी में डब किया गया, इसे पूरा होने में 149 दिन लगे। उन्होंने फिल्म की कहानी की तारीफ करते हुए कहा कि लखनऊ में हुई एक पिछली मुलाकात के दौरान, उन्हें कहानी और गाना दोनों ही बहुत अच्छे लगे थे। भोजपुरी धुनों की एनर्जी को साउथ अंदाज के साथ मिलाकर, 'टच बडी' एक मजेदार गाना बनाया गया है। इस गाने को रिलीज के बाद से लगभग 14 लाख व्यूज मिल चुके हैं। लेकिन गाने पर ज्यादातर निगेटिव कमेंट ही हैं और लोगों ने इसे बोरिंग करार दिया है। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के बारे में बात करते हुए पवन सिंह ने अश्लीलता से संबंधित चिंताओं को दूर करने की बात कही। उन्होंने कहा, 'अश्लीलता हर जगह मौजूद है, लेकिन इसमें सुधार की आवश्यकता है। मैं हमेशा चाहता हूं कि हमारा भोजपुरी प्रगति करे। हमने फिल्मों में भोजपुरी का सार समाहित किया है।' पवन सिंह ने अपने निजी जीवन पर भी बात की और कहा, 'एक कलाकार को पैसा मिले या न मिले, लेकिन जब प्यार मिलता है, तो दिल बड़ा हो जाता है। कोई नहीं जानता कि भाग्य कब और कहां ले जाएगा। एक समय ऐसा था जब मैं अपने गांव से सिर्फ 100 रुपये जेब में लेकर निकला था, तब मुझे लगा जैसे मेरी पूरी दुनिया उन 100 रुपये में ही सिमटी हुई है।' एक्टर आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की आगामी फिल्म 'डकैत' की रिलीज डेट बदल गई है।

### लाइफ स्टाइल

### अनीत ने लगाए चार चांद

मुंबई फैशन वीक में सैयारा फेम एक्ट्रेस अनीत पड्डा नजर आईं। उन्होंने मशहूर ड्रेस डिजाइनर अनीत अरोड़ा के डिजाइन किए हुए फॉल विंटर कलेक्शन को शोकेस किया। सफेद और ब्लू पैलेट ड्रेस में एक्ट्रेस काफी खूबसूरत लग रही थीं। आउट ऑफ ऑफिस कलेक्शन का यह आउटफिट भी काफी आरामदायक और ट्रेंडी नजर आ रहा था। इसका हैंडक्राफ्ट टैक्चर इसे एक अलग ही लुक दे रहा था। वहीं, सबकी निगाहें अनीत के क्लासिक शूज पर भी ठहरीं।



## गर्मी में डार्क कलर के कपड़े बन सकते हैं परेशानी का सबब, कोशिश करें कि न पहनें


गर्मी शुरू होते ही लोग हल्के और ढीले कपड़े पहनने लगते हैं लेकिन एक बात जो अक्सर नजरअंदाज हो जाती है, वह है कपड़ों का रंग। कई लोग स्टाइल के लिए डार्क कलर पहन लेते हैं लेकिन तेज धूप में यही रंग परेशानी का कारण बन सकते हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है इसे आसान तरीके से समझते हैं।

### डार्क रंग – गर्मी ज्यादा

डार्क रंग जैसे काला या गहरा नीला सूरज की किरणों को ज्यादा मात्रा में अपने अंदर सोख लेते हैं। जब ये किरणें कपड़े में जाती हैं तो वह ऊर्जा गर्मी में बदल जाती है। यही वजह है कि डार्क कपड़े पहनने पर शरीर को ज्यादा गर्मी महसूस होती है। इसके उलट, हल्के रंग जैसे सफेद या हल्का पीला सूरज की किरणों को वापस परावर्तित कर देते हैं जिससे शरीर अपेक्षाकृत ठंडा रहता है।

### शरीर पर असर

जब आप तेज धूप में डार्क कपड़े पहनते हैं तो शरीर का तापमान जल्दी बढ़ने लगता है। इससे ज्यादा पसीना आता है थकान महसूस होती है और लंबे समय तक रहने पर कमजोरी भी महसूस हो सकती है। गर्मी के दिनों में यह छोटी सी बात भी आपकी ऊर्जा और आराम पर बड़ा असर डाल सकती है।



### बाहर निकलते समय परेशानी

अगर आप धूप में ज्यादा समय बिताते हैं-जैसे ऑफिस जाना, बाजार जाना या ट्रैवल करना- तो डार्क कपड़े और भी ज्यादा असर दिखाते हैं। ऐसे में शरीर को ठंडा रखने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है जिससे जल्दी थकान होने लगती है।

### कब पहनें डार्क कपड़े

अगर आप एयर-कंडीशन जगह पर हैं या शाम के समय बाहर जा रहे हैं तो डार्क कपड़े पहनने में ज्यादा समस्या नहीं होती। लेकिन तेज धूप और दोपहर के समय हल्के रंग ज्यादा आरामदायक रहते हैं।

### गर्मी में क्या पहनना बेहतर है

गर्मी में हल्के रंग के साथ-साथ ढीले और सूती कपड़े पहनना ज्यादा सही माना जाता है। ये कपड़े हवा को अंदर-बाहर होने देते हैं और शरीर को ठंडा बनाए रखते हैं। और आप पूरे दिन ज्यादा आरामदायक महसूस करा सकता है।

## चलन में हैं स्लिप स्कर्ट, स्टाइलिश तरीकों से पहनेंगी तो लगेंगी सुंदर

फैशन



स्लिप स्कर्ट एक खास स्कर्ट है, जो इस साल बहुत चलन में आ रही है। यह स्कर्ट रेशम या सैटिन के कपड़े से बनी होती है और इसे आप अलग-अलग तरीकों से पहन सकती हैं। इसे खास मौकों पर पहनकर आप भीड़ से अलग और सबसे खूबसूरत नजर आ सकती हैं।

इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आसान फैशन टिप्स देंगे, जिनसे आप स्लिप स्कर्ट को अलग-अलग मौकों पर पहन सकती हैं और हर बार सुंदर दिख सकती हैं।

**सफेद टैंक टॉप के साथ पहनें:** सफेद टैंक टॉप के साथ स्लिप स्कर्ट पहनना इस साल की गर्मियों में सबसे ज्यादा ट्रेंड कर रहा है। यह मेल न केवल सरल लगता है, बल्कि बहुत ही आकर्षक भी दिखता है। आप साधारण से सफेद टैंक टॉप के साथ जीवंत रंग और प्रिंट वाली स्लिप स्कर्ट पेयर कर सकती हैं। ऐसा टैंक टॉप चुनें, जिसकी लंबाई आपकी कमर से थोड़ा पहले ही खत्म होती हो। धूप से बचने के लिए ऊपर से एक लिनन शर्ट लेयर कर लें।

**ब्रालेट टॉप के साथ स्टाइल करें:** अगर आप कुछ नया आजमाना चाहती हैं तो ब्रालेट टॉप के साथ स्लिप स्कर्ट पहनें। यह लुक आपको एक अलग ही अंदाज देगा, जो काफी पश्चिमी होगा। ब्रालेट टॉप का रंग गर्मी के मौसम के हिसाब से ही चुनें। इस तरह का पहनावा खासतौर पर पार्टी या किसी खास मौके पर बहुत अच्छा लगता है। इसे पहनकर आप बेहद आकर्षक और आत्मविश्वास से भरी दिखेंगी। इसके साथ लंबी हील वाली सैंडल पहनें।

**फूलों वाले प्रिंट वाले टॉप के साथ मेल बैठाएं:** फूलों वाले प्रिंट वाले टॉप गर्मी में बहुत अच्छे लगते हैं, जिसके साथ स्लिप स्कर्ट सुंदर लगती है। यह मेल गर्मियों में ताजगी का एहसास दिलाता है और आपको भीड़ से अलग दिखाता है। आप फूलों वाले प्रिंट वाली शर्ट चुन सकती हैं या फिर डिजाइनर टॉप भी चुन सकती हैं। इस तरह के टॉप के साथ आपको एकल रंग वाली स्लिप स्कर्ट पहननी चाहिए, जो टॉप के प्रिंट से मेल खाती हो। अगर आप बिना ज्यादा दिमाग लगाए सबसे सुंदर दिखना चाहती हैं तो एक साधारण टी-शर्ट लें। उसके साथ अपनी पसंदीदा स्लिप स्कर्ट को पहन लें।

## गर्मियों में डेनिम मिनी स्कर्ट को ऐसे बनाएं अपने स्टाइल का हिस्सा, लगेंगी खूबसूरत

डेनिम मिनी स्कर्ट गर्मियों के लिए एक शानदार परिधान होती है इन्हें पहनकर न केवल गर्मी से बचा जा सकता है, बल्कि फैशनेबल भी दिखा जा सकता है। मिनी डेनिम स्कर्ट हर साधारण टॉप को सुंदर बना देती है और हर मौके पर आपको स्टाइलिश दिखा सकती है। चाहे वह दोस्तों के साथ घूमने जाना हो या किसी पार्टी में शामिल होना, डेनिम मिनी स्कर्ट हर जगह जचती है। आज के फैशन टिप्स में इसे स्टाइल करने के तरीके जानें।

**शर्ट के साथ पहनें:** गर्मियों में थोड़ा कैजुअल और कूल लुक चाहने वाली महिलाएं डेनिम मिनी स्कर्ट के साथ शर्ट पहन सकती हैं। आउटफिट में जान झोकने के लिए जीवंत रंग वाली शर्ट चुनें, जो धारियों जैसे पैटर्न वाली हो। इसे स्कर्ट के अंदर टक करके पहनने पर शानदार लुक मिल जाएगा। इसके अलावा आप नए चलन वाली कोर्सेट शर्ट के साथ भी इस स्कर्ट का मेल बैठा सकती हैं। पैरों में हील्स पहनकर अपने लुक को पूरा करें।



### टी-शर्ट के साथ स्टाइल करें

डेनिम मिनी स्कर्ट के साथ टी-शर्ट हमेशा से ही एक सदाबहार मेल रहा है। यह लुक न केवल सरल, बल्कि बहुत ही आकर्षक भी लगता है। आप एकल रंग की टी-शर्ट पहन सकती हैं, बशर्ते वह अच्छी फिटिंग वाली हो। इन दिनों महिलाएं बेबी टी के साथ इस बॉटम वियर को पेयर कर रही हैं, जो अच्छी फिटिंग वाली होती हैं। आप चाहें तो इसे ओवरसाइज्ड टी-शर्ट के साथ भी पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक काफी कूल लगेगा।

## इस साल कुछ रंगों के मेल हैं खास ट्रेंड में, दिखेंगी स्टाइलिश, मिलेगा आराम

गर्मियों के दौरान महिलाओं की अलमारी में हल्के रंगों के कपड़े होना जरूरी है। ये न केवल गर्मी से राहत दिलाते हैं, बल्कि आपको आकर्षक भी दिखाते हैं। इस साल गर्मियों के लिए कुछ रंगों के मेल खास ट्रेंड में हैं। इन मेल से आप न केवल स्टाइलिश दिखेंगी, बल्कि आपको आरामदायक भी महसूस होगा। आइए आज हम आपको इस साल के सबसे अच्छे रंगों के मेल के बारे में बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप शानदार आउटफिट बना सकेंगी।

**सफेद और नीला:** सफेद और नीले का मेल हमेशा से ही एक बेहतरीन विकल्प रहा है। सफेद रंग की कुर्ती या सूट के साथ नीली चूड़ीदार पैंट पहनें। यह मेल न केवल आपको ताजगी का अहसास



दिलाएगा, बल्कि धूप में भी आपको ठंडक देगा। इसके अलावा ऑफिस या कॉलेज के लिए सफेद रंग की शर्ट या टॉप के साथ नीली जींस पहनना भी शानदार निर्णय हो सकता है। यह मेल आपको एक जवान लुक प्रदान करेगा।

**पीला और हरा:** पीला और हरे का मेल गर्मियों के लिए बढ़िया रहता है, जो ताजगी दर्शाता है। पीले रंग की शार्ट कुर्ती के साथ हरे रंग की चूड़ीदार या प्लाजो पहनें। यह मेल पूजा या रोजमर्रा के लुक के लिए बढ़िया रहेगा। इसके अलावा आप पीले रंग के टॉप के साथ हरे रंग की स्कर्ट भी पेयर कर सकती हैं। पीला रंग आपके आउटफिट में ताजापन और मजेदार स्पर्श जोड़ देगा। वहीं, हरा रंग सादगी और प्रकृति को दर्शाएगा।

**गुलाबी और सेज हरा:** गुलाबी और सेज हरे का मेल भी इस साल बहुत चलन में दिखाई दे रहा है। आपको हल्के रंग का गुलाबी शेड चुनना चाहिए, जो सेज हरे के साथ अच्छा लगता हो। आप गुलाबी रंग की शर्ट के साथ सेज हरे रंग की पैंट स्टाइल कर सकती हैं। इसके अलावा सेज हरे रंग के टॉप के साथ गुलाबी रंग के शॉर्ट्स या मिनी स्कर्ट भी पेयर कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### गर्मियों में भी सबसे खूबसूरत दिख सकती हैं

## पसीने से नहीं बहेगा आपका मेकअप अपनाना पड़ेंगे कुछ आसान से टिप्स

गर्मियों में पसीने की वजह से मेकअप खराब हो जाता है और बहने लगता है। इससे पूरा लुक खराब हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने मेकअप को इस तरह से करें कि वह पसीने से सुरक्षित रहे। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे मेकअप टिप्स बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप मेकअप को पसीने से सुरक्षित रख सकती हैं और गर्मियों में भी सबसे खूबसूरत दिख सकती हैं।



### प्राइमर लगाएं

मेकअप करने से पहले चेहरे पर प्राइमर लगाना बहुत जरूरी है। प्राइमर त्वचा की बनावट को समतल करता है और मेकअप को लंबे समय तक टिकाकर रहता है। यह पसीने और नमी को भी रोकता है, जिससे आपका मेकअप खराब होने से बचता है। प्राइमर लगाने से त्वचा को एक मुलायम सतह मिलती है, जिस पर फाउंडेशन और अन्य मेकअप उत्पाद आसानी से लगते हैं और लंबे समय तक टिकते हैं।



### सेटिंग पाउडर का इस्तेमाल करें

सेटिंग पाउडर का उपयोग करने से आपका मेकअप पूरे दिन सेट रहता है और तेलीय प्रभाव भी कम होता है। इसे लगाने से पसीने के कारण होने वाला धुंधलापन भी दूर होता है और चेहरा ताजा दिखता है। सेटिंग पाउडर त्वचा की नमी को सोख लेता है, जिससे मेकअप लंबे समय तक टिका रहता है। यह आपके चेहरे को एक मैट फिनिश देता है, जो गर्मियों में बहुत जरूरी है। आंखों का मेकअप भी गर्मियों में खास ध्यान देने वाला होता है। पानी से बचाने वाले आईलाइनर और मस्कारा का उपयोग करने से आपकी आंखें पसीने से सुरक्षित रह सकती हैं। ये लंबे समय तक टिके रहते हैं और आपको पूरे दिन ताजगी महसूस कराते हैं।

### हल्का फाउंडेशन चुनें

गर्मियों के दौरान भारी फाउंडेशन का उपयोग करने से बचें, क्योंकि यह पसीने के साथ मिलकर त्वचा को चिपचिपा बना सकता है। इसके बजाय हल्का फाउंडेशन या टिंटेड मॉइस्चराइजर चुनें, जो आपकी त्वचा को सांस लेने दे और उसे प्राकृतिक रूप में निखारे। हल्का फाउंडेशन न केवल आरामदायक होता है, बल्कि यह आपके चेहरे को ताजगी भरा भी दिखाता है। इसके साथ ही यह पसीने से भी बचाता है और लंबे समय तक टिका रहता है।